* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 जून, 2025
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 250


आपातकाल में लोगों को प्रताड़ित किया गया : मोदी



# पुरी के जगन्नाथ मंदिर में भगदड़, तीन मरे, 50 घायल

## ■ एक्शन में ओड़िशा सरकार, उच्चस्तरीय जांच के आदेश ■ दो अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/पुरी।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गयी और 50 अन्य घायल हो गये। रविवार तड़के हुई इस घटना के बाद ओड़िशा सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया है। सीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पुरी के जिला कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला कर दिया गया है। वहीं डीसीपी विष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। चंचल राणा को पुरी का नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है, जबकि पिनाक मिश्रा को नये एसपी का कार्यभार दिया गया है। सीएम माझी ने विकास आयुक्त की देखरेख में मामले की प्रशासनिक जांच के भी आदेश दिये।

**वरिष्ठ अफसर को रथ यात्रा की जिम्मेदारी :** सीएम माझी ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है। वह फिलहाल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव और खेल एवं युवा मामलों के विभाग में विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं।





**सुबह चार बजे के करीब हुआ हादसा :** पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट भगदड़ की घटना तड़के करीब चार बजे हुई, जब सैकड़ों श्रद्धालु रथयात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास एकत्रित हुए थे। लोग भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा के दौरान 'पहुड़ा' (चेहरे पर पड़ा कपड़ा) हटने की रस्म देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अचानक दो ट्रक, जो रथ यात्रा के लिए सामग्री ला रहे थे, भीड़ में घुस गये। इससे अफरा-तफरी मच गयी और भगदड़ हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और छह लोगों की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती और प्रवती दास के रूप में हुई है।

### मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा

सीएम मोहन चरण माझी ने प्रत्येक मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस घटना को लेकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के सभी भक्तों से क्षमा याचना करते हैं। जो श्रद्धालु इस हादसे में अपनी जान गंवा बैठे, उनके परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें।

## गुड़रा नदी का जलस्तर बढ़ा : जमशेदपुर के कोवाली में स्कूल में आयी बाढ़

# जान बचाने के लिए 162 बच्चे छत पर चढ़े, किया गया रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बीते कुछ दिनों से झारखंड में भारी बारिश हो रही है। कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इधर जमशेदपुर जिले में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से गुड़रा नदी के पानी का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया, जिससे नदी किनारे स्थित लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्रोशोली में पानी घुस गया। यहां हॉस्टल में रहने वाले 162 बच्चे और स्टाफ पानी के बीच फंस गये। अंत में बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एसबेस्टस की छतों पर चढ़ गये, जहां करीब पांच घंटे तक बारिश में भीगते हुए बच्चों ने अपनी जान बचायी। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रस्सी के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी 162 बच्चों और स्टाफ को ग्रामीणों ने सुरक्षित रेस्क्यू किया और उनके परिजनों को सौंप दिया। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों की जांच भी की गयी, जिसमें सभी बच्चे स्वस्थ पाये गये। सभी बच्चों को उनके घर भेजा गया।

**तड़के चार बजे स्कूल में घुसा पानी :** लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्राशोली के संचालक सुशांत महतो ने कहा कि तड़के करीब चार बजे के बाद विद्यालय के निचले हिस्से में पानी भरने लगा, तो बच्चों को जगा कर बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन बाहर भी पानी भर गया था। इस स्थिति बच्चों की जान बचाने के लिए उन्हें छत पर चढ़ाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी गांव के लोगों को दी गयी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को बाहर निकाला। हॉस्टल में कुल 122 छात्र, 40 छात्राएं और सात स्टाफ मौजूद थे।



### विद्यालय को बंद करने का आदेश

पोटका प्रखंड के वरीय प्रभारी एलआरडीसी गौतम कुमार ने कहा कि पोटका में लव कुश आवासीय विद्यालय के नाम से प्राइवेट विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इसका आवासीय भवन नदी किनारे बनाया गया है, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। नदी का जलस्तर बढ़ा, तो विद्यालय जलमग्न हो गया, जिससे छात्रावास में रहने वाले 162 बच्चे फंस गये थे। गनीमत रही कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं। फिलहाल विद्यालय को बंद करते का निर्देश दिया गया है। आगे जांच करके विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### सुबह से सक्रिय रहा प्रशासन, जमे रहे पदाधिकारी

लव-कुश आवासीय विद्यालय पांड्राशोली के बच्चे के बाढ़ में फंसने की सूचना मिलने के बाद से ही प्रशासन सक्रिय हो गया। यहां मुखिया सरस्वती मुर्मू सुबह से ही बच्चों को बाहर निकालने में सक्रिय दिखीं, तो वहीं थाना प्रभारी धनंजय पासवान बच्चों को बचाने के लिए हाफ पैंट में ही पहुंच गये। एलआरडीसी गौतम कुमार, बीडीओ अरुण मुंडा, एमओआइसी डॉ रजनी महाकुड़, डॉ सुकांत सीट समेत कई अन्य पदाधिकारी और ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे।

# गुरुजी की हालत स्थिर दुआओं का दौर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है। नयी दिल्ली से सर गंगाराम अस्पताल की आइसीयू में इलाजरत शिबू सोरेन के स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नजर रख रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी दिल्ली में ही हैं। गुरुजी के स्वास्थ्य में हल्के सुधार के लक्षण देखे गये। इधर गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर दुआओं का दौर लगातार जारी है। झामुमो कार्यकर्ता लगातार प्रार्थना कर रहे हैं।

**सीएम हेमंत ने जिला प्रशासनों को दिया निर्देश :** दिल्ली में रहते हुए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और आवश्यक निर्देश दे रह हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मौसम विभाग द्वारा राज्य के जिलों में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गयी है। आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिला प्रशासन, मौसम विभाग एवं अन्य एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर अलर्ट मोड पर रहते हुए आमजन को हर परिस्थिति में मदद पहुंचायें।

# खूंटी में ग्राम प्रधान सह भाजपा नेता की हत्या

● अज्ञात अपराधियों ने घर में घुस कर दिया वारदात को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी के मारंगहादा थाना क्षेत्र की लांदूप पंचायत अंतर्गत काड़े तुबित गांव में अज्ञात अपराधियों ने ग्राम प्रधान बलराम मुंडा (45 वर्ष) की हत्या कर दी। अपराधियों ने घर में घुस कर ग्राम प्रधान को लाठी-डंडे से पीटा। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से वार किया। अपराधियों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। घटना में मृतक का भांजा भी गंभीर रूप से घायल है। मृतक भाजपा के खूंटी ग्रामीण मंडल में मंत्री भी थे। घटना शनिवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे की है। उस वक्त बलराम मुंडा अपने घर में सो रहे थे, तभी लगभग दस की संख्या में अपराधी घर में घुसे और हत्याकांड को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधियों ने दूसरे कमरे में सो रहे बलराम मुंडा के भांजे अचु मुंडा को भी बेरहमी से पीटा। वह बुरी तरह से घायल हैं।







# उत्तराखंड में बादल फटने से भारी तबाही

**देहरादून (आजाद सिपाही)।** उत्तरकाशी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जानकारी दी गयी है कि बड़कोट-यमुनात्री मार्ग पर सिलाई बैंड से पहले दो जगहों पर लैंडस्लाइड हुआ था, जिसमें नौ मजदूर लापता हो गए थे। इनमें दो के शव बरामद कर लिये गये हैं। भूस्खलन की वजह से एक जगह सड़क बह गयी है। बड़कोट की घटना पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, बड़कोट के पास बड़ा भूस्खलन हुआ है। वहां काम कर रहे 29 लोग बह गये। बचाव दल ने 20 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। दो लोगों के शव बरामद कर लिये गये हैं। बचाव कार्य जारी है। स्थानीय प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा प्रबंधन विभाग लगातार बचाव कार्य में लगे हुए हैं। सभी जिला अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं। हमने स्थिति की समीक्षा की है।

**चार धाम यात्रा 24 घंटे के लिए स्थगित :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने बताया, खराब मौसम के कारण चार धाम यात्रा को 24 घंटे के लिए रोक दिया गया है। जैसे ही मौसम में सुधार होगा, यात्रियों और श्रद्धालुओं को निकाला जायेगा। हमने जिला अधिकारियों को भोजन, आराम, आवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# बिहार में मुस्लिम वोट के लिए खूब होगा झकझूमर

## ■ वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन कर राजद ने ले लिया है लीड
## ■ कांग्रेस भी अपने पुराने वोट बैंक को हासिल करने की कोशिश में जुटी
## ■ मुसलमानों के 17 प्रतिशत वोट राज्य की दो दर्जन सीटों पर हैं निर्णायक

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा चुनाव के लिए माहौल लगातार गरम होता जा रहा है और वोट बैंक के समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए सभी राजनीतिक दल कोशिशों में जुट गये हैं। इन पार्टियों के लिए अगली बड़ी परीक्षा बिहार विधानसभा चुनाव है। इसमें भी मुस्लिम वोट बैंक खास है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद होनेवाला यह पहला चुनाव होगा, जिसमें गैर-भाजपाई दलों को अल्पसंख्यक वोट बैंक, विशेष रूप से मुस्लिम मतदाताओं के संदर्भ में, एक लिटमस टेस्ट की तरह परखेंगे। बिहार में करीब 17% मुस्लिम आबादी है और इस वोट बैंक पर कांग्रेस, राजद और जदयू तीनों की नजर टिकी हुई है। यह लड़ाई सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर करीब 20% मुस्लिम वोट खास कर कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए निर्णायक हो सकते हैं। बिहार में मुस्लिम वोटर राज्य की करीब दो दर्जन सीटों पर निर्णायक हो सकते हैं। इनमें सीमांचल की सीटें भी शामिल हैं, जहां पिछली बार ओवैसी की पार्टी ने पांच सीटें जीत ली थीं। इसलिए राजद और कांग्रेस अभी से ही सतर्क हैं। राजद ने तो पटना में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर अपने इरादे साफ कर दिये हैं और कांग्रेस का मुस्लिम मिशन भी अब और स्पष्ट हो गया है। कांग्रेस, राजद और जदयू के बीच अल्पसंख्यक वोट बैंक को लेकर कड़ी टक्कर होनी तय है। इसलिए बिहार में मुस्लिम वोट बैंक के लिए इस बार झकझूमर तय है। इस झकझूमर में कांग्रेस की क्या रणनीति होगी और वह कितनी असरदार होगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार में साल के अंत में होनेवाला विधानसभा चुनाव अभी से ही बेहद दिलचस्प नजारे पेश कर रहा है। वोटरों-सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए सभी दल एक-दूसरे से होड़ करते दिखाई दे रहे हैं। विपक्षी महागठबंधन की ओर से पटना में 29 जून को आयोजित वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शन को भी इसी राजनीतिक कवायद की एक कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसे राजद ने आयोजित किया था और महागठबंधन के दूसरे घटक दलों के नेता भी इसमें शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन को बिहार के मुस्लिम वोट बैंक को अपने पक्ष में करने की कोशिश भी कहा जा रहा है।

### 17 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक का सवाल

बिहार में वैसे तो सामाजिक समीकरणों को अपने पक्ष में करने के लिए तरह-तरह के जुगत भिड़ाये जा रहे हैं, लेकिन इनमें से मुस्लिम वोट बैंक पर कांग्रेस और राजद के साथ जदयू की नजर है। इस लिहाज से बिहार विधानसभा का चुनाव 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद इन दलों के लिए पहली बड़ी परीक्षा होगी। हालांकि मुस्लिम वोट की यह लड़ाई सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर करीब 20 फीसदी मुस्लिम वोट बैंक कांग्रेस और दूसरे गैर-भाजपाई दलों के व्यापक पुनरुद्धार रणनीति के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। कांग्रेस को अच्छी तरह पता है कि यह वही वोट बैंक है, जिसने 90 के दशक में कांग्रेस को स्थायित्व दिया था, लेकिन बाद में क्षेत्रीय दलों की ओर खिसक गया।

### बिहार में कांग्रेस की रणनीति

पिछले कुछ सालों में कांग्रेस ने हिंदुत्व समर्थकों को लुभाने और अल्पसंख्यक वोटरों को आकर्षित करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। हालांकि, वह अच्छी तरह से जानती है कि हिंदू वोट बैंक के मामले में भाजपा स्वाभाविक रूप से पहली पसंद बनी हुई है। जिन क्षेत्रों में कांग्रेस को हिंदू वोट मिलते हैं, वहां अक्सर धार्मिक कारणों से नहीं, बल्कि स्थानीय परिस्थितियों या भाजपा से असंतोष के कारण होते हैं। इस वास्तविकता को देखते हुए पार्टी अब अपने पारंपरिक गढ़ यानी मुस्लिम वोट पर वापस लौटती दिख रही है। यह अकारण नहीं था कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने एक बार सच्चर समिति की सिफारिशों को तेजी से लागू करने की वकालत की थी और मुसलमानों के अधिकारों को बढ़ाने पर जोर दिया था। यह नीतिगत रुख अल्पसंख्यक कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दिखाता है। हिंदू वोट पाने की कोशिश करने के बाद और निरंतर सफलता न मिलने पर कांग्रेस अब अल्पसंख्यक समुदायों को आकर्षित करने पर जोर देती दिख रही है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल। न केवल उसे राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि अपने सहयोगियों के साथ वोट शेयरिंग की चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। बिहार में 17 फीसदी मुस्लिम वोट शेयर को लेकर कड़ी टक्कर है और कांग्रेस सहयोगियों और विरोधियों दोनों के साथ दौड़ में है।



### कांग्रेस की बदली रणनीति

इस व्यापक संदर्भ से कांग्रेस की ओर से हाल ही में अपनाये गये कई राजनीतिक रुखों को समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लिया जा सकता है। बालाकोट एयरस्ट्राइक पर सवाल उठाने के लिए मिली प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने इस बार अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, जबकि सार्वजनिक रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सरकार के रुख का समर्थन किया। हालांकि पार्टी के कुछ नेताओं ने भी सूक्ष्मता से सवाल उठाये। उदित राज ने ऑपरेशन के नाम के धार्मिक उपक्रम पर सवाल उठाया, यह सुझाव देते हुए कि भाजपा सैन्य कार्रवाइयों को हिंदू प्रतीकों से जोड़ने की प्रवृत्ति रखती है। इसके पीछे संदेश स्पष्ट था कि अपने अल्पसंख्यक आधार को यह बताना कि कांग्रेस अभी भी भाजपा के बहुसंख्यकवादी झुकाव को चुनौती देती है। इरान-इजराइल संघर्ष पर पार्टी का रुख भी इसकी बदलती अल्पसंख्यक रणनीति को दर्शाता है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने गाजा पर सरकार की चुप्पी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल एक राष्ट्र को नष्ट कर रहा है और भारत चुप है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस की सहानुभूति कहां है। संसद में प्रो फिलीस्तीनी बैग लेकर जाना भी इसी संदेश को और मजबूत करता है और वह है अल्पसंख्यक भावना के साथ जुड़ने का एक सोचा-समझा प्रयास।

### कांग्रेस का मुस्लिम परस्त चेहरा

कांग्रेस का मुस्लिम परस्त चेहरा उन राज्यों में भी सामने आ चुका है, जहां वह सत्ता में है। कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने हाल ही में सरकारी ठेका और नौकरियों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की और अल्पसंख्यकों के लिए आवास आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। ये निर्णय सिर्फ शासन के कदम नहीं हैं, बल्कि राजनीतिक संकेत भी हैं। यह दर्शाते हुए कि केंद्र या बिहार या केरल जैसे राज्यों में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार अल्पसंख्यक कल्याण को प्राथमिकता देगी।

### अब बिहार की बात

जहां तक बिहार की बात है, तो सीट बंटवारे पर बातचीत और बिहार चुनाव कांग्रेस की अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने की रणनीति के लिए अहम पल होंगे। राजद के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस स्पष्ट रूप से मुस्लिम मतदाताओं के बीच अपनी स्वतंत्र अपील बनाने की कोशिश कर रही है। जदयू के पूर्व सांसद अली अनवर अंसारी और अन्य पसमांदा मुस्लिम नेताओं को अपने पाले में शामिल करना इसी कोशिश का हिस्सा है। हालांकि मुस्लिम वोटों को फिर से हासिल करने और साथ ही कुछ हिंदू मतदाताओं को खुश करने की कोशिश में कांग्रेस अक्सर दिशाहीन दिखती है। परस्पर विरोधी आवेगों के बीच फंसी हुई। मुस्लिम वोटों को एकजुट करने और सॉफ्ट हिंदुत्व की राह पर चलने के बीच चुनाव करने की उसकी जद्दोजहद पार्टी को राजनीतिक चौराहे पर ला खड़ा करती है।

### राजद और जदयू भी शांत नहीं

मुस्लिम वोट हासिल करने के लिए राजद और जदयू भी शांत नहीं हैं। जदयू को जहां अपने पुराने नेताओं-कार्यकर्ताओं पर भरोसा है, वहीं राजद को लालू के एम-वाइ समीकरण पर विश्वास है। पटना में वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शन राजद की इसी रणनीति का हिस्सा था। इसलिए इस बार बिहार में जो सीन बनता दिखाई दे रहा है, उसमें मुस्लिम वोट को हासिल करने के लिए मची आपाधापी ही सबसे दिलचस्प नजारा पेश कर रही है।

---

# गिरिडीह में खुलेगी यूनिवर्सिटी, स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर, इंजीनियरिंग कॉलेज: सुदिव्य सोनू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** झारखंड के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रविवार 29 जून को एक समारोह में जिले के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। उन्होंने सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी, महिला शिक्षा के लिए स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने अलग-अलग बोर्ड से परीक्षा देने वाले अपने-अपने स्कूल के 10वीं और 12वीं के टॉपरों को सम्मानित किया। इसी दौरान उन्होंने घोषणा की कि गिरिडीह जिले के बच्चों को अब उच्च शिक्षा के लिए राजधानी रांची या हजारीबाग नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि तीन साल में सर जेसी बोस यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हो जायेगी और गिरिडीह के बच्चे उस विश्वविद्यालय में पढ़ाई शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी जिला बनेगा। उनका भी सीना चौड़ा होगा, जब कोई रांची में कहे कि गिरिडीह का बच्चा स्टेट टॉपर बना है। मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं के लिए जोगीटांड़ में 20 एकड़ के कैंपस में स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर का निर्माण होगा, जिसमें बेटियां पढ़ाई कर पायेंगी। उन्होंने कहा कि तीन साल में गिरिडीह जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज भी बनकर तैयार हो जायेगा। उन्होंने गिरिडीह में स्टेट ऑफ आर्ट लाइब्रेरी बनाने की भी बात कही। साल-डेढ़ साल में इसका निर्माण पूरा हो जायेगा और बच्चे यहां से निःशुल्क किताबें ले सकेंगे, यहां पढ़ाई कर सकेंगे।

## हनीमून से लौटते ही कल्याण बनर्जी से भिड़ीं महुआ मोइत्रा

# कोलकाता लॉ कॉलेज रेप मामले में हुई तकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ सांसद, महुआ मोइत्रा और कल्याण बनर्जी एक बार फिर खुलकर आमने-सामने आ गये हैं। यह तकरार कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस को लेकर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी के बाद सामने आयी है, लेकिन अब यह विवाद व्यक्तिगत आरोपों तक पहुंच गया है। कल्याण बनर्जी ने कहा, 40 साल की शादी तोड़ी, अब मुझे नैतिकता सिखा रही है। कल्याण बनर्जी ने महुआ मोइत्रा के वैवाहिक जीवन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, महुआ हनीमून से लौटकर मुझसे लड़ने आ गयी हैं। मुझे नारी विरोधी बता रही हैं। उन्होंने एक 40 साल पुरानी शादी तोड़ दी और 65 साल के व्यक्ति से शादी की। क्या उन्होंने उस महिला को चोट नहीं पहुंचायी। बता दें कि महुआ मोइत्रा ने बीजद के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा से शादी की है। कल्याण बनर्जी ने कहा, जो सांसद संसद से नैतिकता के उल्लंघन पर निष्कासित हो चुकी हैं, वह मुझे ज्ञान दे रही हैं। वह सबसे ज्यादा महिला विरोधी हैं। उन्हें सिर्फ अपना भविष्य और पैसा बनाना आता है। यह हमला तब हुआ, जब कल्याण बनर्जी ने कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस पर टिप्पणी करते हुए बलात्कार पीड़िता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, जो ऐसे लोगों के साथ घूमती हैं, उन्हें सोचना चाहिए कि वे किनके साथ जा रही हैं।

# पांच मेडिकल कॉलेजों को मिली एमबीबीएस सीटों की मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई का सपना देख रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने सत्र 2025-26 के लिए इन सभी 5 कॉलेजों में 100-100 सीटों पर दाखिले की अनुमति दे दी है। यह जानकारी झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेज दी गयी है।

**सशर्त दी गयी है अनुमति :** एनएमसी ने स्पष्ट किया है कि यह मंजूरी अस्थायी और सशर्त है। सभी कॉलेजों को अगले 4 महीनों के भीतर अपनी खामियों और संसाधनों की कमी को दूर करना होगा। इसके अलावा, अगले सत्र के लिए फिर से मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबी) से अनुमति लेनी होगी।

**फैकल्टी की स्थिति :** फैकल्टी की संख्या के अनुसार सबसे कमजोर स्थिति दुमका की है, जहां सिर्फ 41 फैकल्टी सदस्य हैं। इसी तरह पलामू में 71, हजारीबाग में 78, जमशेदपुर में 133 और धनबाद में 141 फैकल्टी सदस्य हैं।

**प्रोफेसरों की संख्या :** धनबाद में 9, जमशेदपुर में 9, हजारीबाग में 7, दुमका में 6 और पलामू में 4 प्रोफेसर हैं।

### इन कॉलेजों को मिली मंजूरी

- फूलो झानो मेडिकल कॉलेज, दुमका
- मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग
- शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद
- एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर

### 2019 में मिली थी पहली बार अनुमति

गौरतलब है कि 2019 में दुमका, पलामू और हजारीबाग मेडिकल कॉलेजों को पहली बार 100 सीटों की मंजूरी मिली थी, लेकिन 2020 में संसाधनों की कमी के कारण दाखिले रोक दिये गये थे। अब एक बार फिर छात्रों को उम्मीद की किरण दिखी है, लेकिन सुधार की शर्त के साथ।

# गौरवशाली विरासत और आत्मविश्वास के साथ बन रहा आत्मनिर्भर भारत : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। बूथ पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर जिलांतर्गत जसीडीह प्रखंड के कुशमहा में मन की बात पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सुनी।

इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक आर्थिक प्रगति का दस्तावेज है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कहा कि भारत की कला संस्कृति, पारंपरिक हुनर का सम्मान आज बढ़ा है। भगवान बुद्ध का संदेश और योग ने विश्व बंधुत्व के भाव को मजबूत किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू मंडल रांची में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है, पाथेय है। आज युवा शक्ति विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोदी के संदेश को आत्मसात कर रहा है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था 18वीं सदी की : मरांडी

**सुविधा के अभाव का दंश झेलने केलिए जनता मजबूर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुजुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आयी, लेकिन गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एंबुलेंस पहुंची। मजबूर परिजन खाट पर लाद कर तीन किलोमीटर पैदल चले। कहा कि शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहां झारखंड सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर 3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिए 5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि 7223 करोड़ और 6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहां? इसका जवाब हम सबको पता है। कहा कि जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो झारखंड सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाये, तो मंत्री-अधिकारी गूंगे - बहरे बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति से इतर इतनी संवेदनशीलता तो दिखाइए, कम से कम ये सुनिश्चित कीजिए कि किसी को खाट पर लाद कर इलाज के लिए न जाना पड़े।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.57 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# गोल इंस्टीट्यूट के सम्मान समारोह में नीट टॉपर्स का मेला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा नीट 2025 में सफल छात्रों के लिए रांची के गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पीपी कंपाउंड, हिंदपीढ़ी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें गोल के झारखंड से सफल छात्रों को मेडल, एप्रोन एवं स्टेथोस्कोप देकर सम्मानित किया गया। इस प्रोग्राम में सफल छात्रों के साथ साथ सैंकड़ों गोल इंस्टीट्यूट में तैयारी कर रहे छात्रों ने भाग लिया।

इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ अमितेश आनंद सीनियर कंसल्टेंट और हेड, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, आरसीएचआरसी ने गोल संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि झारखंड में गोल के मदद से आज इतने अधिक संख्या में छात्र सफल होकर डॉक्टर बनने कि दिशा में अपना कदम बढ़ा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सफल छात्रों को भविष्य में आने वाली जिम्मेवारियों से अवगत कराया।

इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ वशिष्ठ नारायण सिंह, वरिष्ठ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट, पारस एचइसी हॉस्पिटल (रांची) एवं कई अन्य गणमान्य अतिथी ने सफल छात्रों से अपने अनुभव को साझा किये एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

छात्रों की सफलता पर गौरवान्वित होते हुए गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि इस सफलता का श्रेय छात्रों के अथक प्रयास, अभिभावकों का विश्वास और गोल टीम का लगातार सही दिशा में किया गया प्रयास को जाता है। श्री सिंह ने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह से सफलता प्राप्त करने की शुभकामना दी एवं अगले वर्ष की तैयारी कर रहे छात्रों को कहा कि गोल इंस्टीट्यूट के रिजल्ट ऑरिएंटेड सिस्टम का कदम से कदम मिला कर फालो करें, अगले वर्ष सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

गोल इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि इस वर्ष का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन था, बावजूद इसके हमारे छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार कुल 5432 छात्रों ने गोल से नीट क्वालिफाई किया है, जिसमे से 527 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने की संभावना है। यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है। हमारा संस्थान अगले सत्र के लिए फाउंडेशन, टारगेट, एचीवर एवं टेस्ट सिरिज के माध्यम से नीट के लिए छात्रों को और भी बेहतर सुविधाओं के साथ तैयारी करवायेगा।

गोल इंस्टीट्यूट के आर एंड डी हेड आनंद वत्स गोल के नये सत्र की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष छात्रों को विशेष रूप से नीट के स्कोर के आधार पर एवं गोल स्कॉलरशिप टेस्ट के आधार पर वृहत पैमाने पर छात्रवृत्ति दी जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी गोल के रिजल्ट ओरिएंटेड क्लासरूप कोर्सेस फैसिलिटी ले पायें। साथ ही उन्होंने कहा कि इस वर्ष रांची ब्रांच में छात्रों को पीछले वर्षों की अपेक्षाकृत अत्यधीक फैसेलिटी दी जा रही है, जहां अच्छे शिक्षण और टेस्ट के साथ साथ हॉस्टल और लाइब्रेरी की सुविधा भी छात्रों को उपलब्ध करायी जा रही है।

गोल धनबाद ब्रांच हेड संजय आनंद ने कहा कि गोल अगले वर्ष नये पाठ्यक्रम के अनुसार नये बदलाव के साथ और भी बेहतर सुविधाएं छात्रों को देने जा रही है, जिससे छात्र और अधिक लाभान्वित होंगे।

शुभजीत राज (630 अंक, 236वीं ऑल इंडिया रैंक) ने कहा कि गोल संस्थान एक परिवार की तरह केयर किया है। साथ ही क्वालिटी शिक्षण एवं नीट के नये पैटर्न पर आधारित गोल का टेस्ट के द्वारा प्रैक्टिस ने हमें टॉपर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गोल इंस्टीटड्डट को देते हुए गोसिया फिरदौस (612 अंक, 702वीं ऑल इंडिया रैंक) ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी गोल इंस्टीटड्डट द्वारा रेगुलर क्लास, रिविजन क्लास, टेस्ट, डाउट्स के साथ गोल के एक्सपट्र्स द्वारा दिशा निर्देश ने हमारे सफलता में अहम भूमिका निभायी है। गोल में प्राप्त पर्सनल केयर एवं अच्छे कॉम्पीटीटीव माहौल का हमारे अच्छे रिजल्ट में अहम रोल है। गोल का सहयोग हमें नीट परीक्षा के दिन तक मिला, जो हमारे लिए अविस्मरणीय है।

नफीसा निगार (610 अंक, 822वीं ऑल इंडिया रैंक) ने बताया कि गोल एजुकेशन विलेज का अनुशासित वातावरण और बोर्ड के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मॉडल बहुत प्रभावी रहा। इसके अलावा समारोह में कई अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन गोल के अभिषेक कुमार एवं संजय आनंद के द्वारा किया गया, जिसमें गोल के केपी सिंह, शुभम, पुनम, सुमेधा, सुमेधा, प्रेरणा, साक्षी, अनुराग, यशवंत, सना, अतुल, अलकामा, मुकेश, उज्जवल, कुमकुम और प्रियरंजन समेत कई अन्य गणमान्य सदस्य एवं शिक्षक आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाको बोदरा को किया नमन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरु लाको बोदरा को उनकी पुण्यतिथि पर नमन किया। हेमंत सोरेन ने लिखा, आदिवासी हो भाषा वारंग क्षिति लिपि के निर्माता, भाषाविद् और महान साहित्यकार और गुरु कोल लाको बोदरा जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

### रिम्स में वार्षिक आइआरआइए सम्मेलन

## रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नये बदलावों पर चर्चा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स ऑडिटोरियम में रविवार को वार्षिक आइआरआइए सम्मेलन जेएसआरसी 2025 का आयोजन हुआ। इसमें देश भर से प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट और वक्ता शामिल हुए। इस सम्मेलन में प्रतिभागियों ने रेडियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नये बदलावों और तकनीकी विकास पर चर्चा की। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ वीके चौधरी निदेशक सीआइपी कांके रांची मौजूद थे। गणमान्य अतिथि के रूप में डॉ राज कुमार निदेशक रिम्स, डॉ डीके सिंह कुलपति झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और डॉ प्रभात कुमार सिविल सर्जन रांची सदर शामिल थे। सम्मेलन में प्रबुद्ध रेडियोलॉजिस्ट वक्ताओं की एक पंक्ति शामिल थी। इनमें पुणे से प्रो डॉ अभिमन्यु केलकर, जयपुर से डॉ गौरव कांत शर्मा जिप्सी, नयी दिल्ली से डॉ कृष्ण गोपाल और जमशेदपुर से डॉ नीलम जैन शामिल हुए। वक्ताओं ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किये। इससे प्रतिभागियों को मूल्यवान ज्ञान और कौशल मिला।

सम्मेलन का आयोजन आइआरआइए राज्य अध्याय के प्रबंधन द्वारा किया गया। इसका नेतृत्व प्रो डॉ सुरेश कुमार टोप्पो विभागाध्यक्ष ने किया। डॉ राजीव कुमार रंजन, डॉ प्रबाल सेन, डॉ प्रवीण त्रिपाठी, डॉ अनिश चौधरी और डॉ राजन पांडेय ने अमुल्य योगदान दिया। रिम्स के रेडियोलॉजी विभाग के पीजी छात्रों ने भी सम्मेलन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in



### हूल दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी को प्रशासन ने रोका

# आक्रोशित शहीदों के वंशज मंडल मुर्मू और समर्थकों ने किया प्रदर्शन

### आपसी सहमति बनने के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**साहिबगंज।** हूल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी पर प्रशासन ने रोक लगाते हुए बीती रात पंडाल का काम कर रहे 13 मजदूरों को पुलिस उठा कर ले गयी। इससे आक्रोशित शहीदों के वंशज मंडल मुर्मू और समर्थकों ने सरकारी मंच के काम को बंद कराते हुए मुख्य सड़क किनारे प्रवेश द्वार को बांस से बंद कर दिया और चुड़का लगा दिया। प्रशासन और सिदो कान्हू के छठे वंशज के साथ आपसी सहमति बनने के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

सिदो कान्हू के छठे वंशज सह सिदो कान्हू हूल फाउंडेशन और आतु मांझी वैसी संस्था के अध्यक्ष मंडल मुर्मू ने बताया कि हम लोग हर साल की भांति इस साल भी कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी कर रहे थे। प्रशासन ने रोक लगाते हुए बीते रात पंडाल का काम कर रहे 13 मजदूरों को पुलिस उठा कर ले गयी। वही आक्रोशित शहीदों के वंशज मंडल मुर्मू और समर्थकों ने सरकारी मंच के काम को बंद कराते हुए मुख्य सड़क किनारे प्रवेश द्वार को बांस से बंद कर दिया और चुड़का लगा दिया। हेलीपेड का अस्थायी घेराव को हटा दिया। सिदो कान्हू पार्क में ताला जड़ दिया और पारंपरिक हथियार के विरोध प्रदर्शन किया।

वहीं सूचना मिलने पर सदर एसडीओ अमर जॉन आइंद, एसडीपीओ किशोर तिर्की, डीएसपी बरहरवा नीतिन खंडेलवाल, डीएसपी राजमहल कमलेश त्रिपाठी, बीडीओ, थाना प्रभारी सहित पुलिस पदाधिकारियों व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ भोगनाडीह पहुंचे।

एसडीओ ने वंशज सह सिदो-कान्हू हूल फाउंडेशन के अध्यक्ष मंडल मुर्मू से बात कर समस्या का समाधान करने में जुटे, मंडल मुर्मू एवं समर्थक मजदुरों को वापस पहुंचाने तथा निर्धारित कार्यक्रम करने की बात पर अड़े रहे।

वहीं सिदो कान्हू के छठे वंशज मंडल मुर्मू ने बताया कि शाम में मजदूरों को पहुंचाया गया और एसडीओ ने कहा कि कार्यक्रम के लिए पुनः आवेदन देने और कार्यक्रम करने की बात कही गयी। मौके पर बीडीओ सह सीओ बरहेट अंशु कुमार पांडे, थाना प्रभारी बरहेट पवन कुमार, मनोज मुर्मू, राजा हांसदा, फुलमूनी मरांडी, बाबुजी हांसदा और सुरुज किस्कू सहित सैकड़ों महिला-पुरुष बच्चे एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

# लोकार्पण सह सम्मान समारोह में पावस-कविताओं की फुहारें



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री साहित्य कुंज की मासिक गोष्ठी में विश्ववाणी संस्थान अभियान (जबलपुर ) के साझा बहुभाषीय-संग्रह चंद्र विजय अभियान का लोकार्पण रांची स्थित सर्जनी अपॉटमेंट में वरिष्ठ साहित्यकार निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव के कर कमलों से हुआ। भारत की बावन भाषा /बोलियों में संग्रहित इस काव्य संकलन की संकल्पना के जनक व संपादक आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' है। इस संग्रह में संकलित चांद के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व की कविताओं का साहित्यक विश्लेषण करते हुए आयोजन की अध्यक्षता कर रहे निरंजन प्रसाद ने रामधारी सिंह दिनकर की रचना चांद का कुर्ता और माधव मुक्तिबोध की कविता चांद का मुंह टेढ़ा पढ़कर साहित्यिक विचार मंथन को सभी के समक्ष रखा।

आयोजन में मुख्य अतिथि उर्मिला सिन्हा ने इस संग्रह को बड़ी उपलब्धि बताते हुए। सभी सम्मिलित रचनाकारों को बधाई दी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि गीता चौबे 'गूंज' जो बेगलुरु से रांची आई हुई हैं। उन्होंने विश्ववाणी संस्थान अभियान के विषय में सभी को अवगत कराया और उसकी उपलब्धियों को सभी के समक्ष रखा। विशिष्ट अतिथि के रूप में रूणा रश्मि ने चंद्र विजय अभियान को एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संग्रह के रचनाकारों में मनीषा सहाय /हिमकर श्याम/गीता चौबे गूंज/ पुष्पा पांडेय/नीता शेखर /निर्मला कर्ण/ सिम्मी नाथ को सम्मान पत्र पुस्तक व दुपट्टा से सम्मानित भी किया गया। आयोजन का संचालन भावना अम्बष्ठा व बिंदु प्रसाद ने किया व सरस्वती वंदना मधुमिता साहा ने की। धन्यवाद ज्ञापन नीता शेखर ने किया।

# 19वां सांख्यिकी दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 29 जून को मनाए जाने वाले सांख्यिकी दिवस का आयोजन इस वर्ष भी गरिमापूर्ण तरीके से हुआ। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष, जो 1950 में प्रोफेसर पीसी महालनोबिस द्वारा प्रस्तुत सर्वेक्षण ढांचे के निरंतर 75 वर्षों की उपलब्धि को चिह्नित करता है। मुख्य अतिथि के रूप में संत जेवियर महाविद्यालय, रांची के सहायक प्राध्यापक राकेश मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि कैसे सांख्यिकीय सूचक सरकार को रीयल टाइम निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं और आने वाले समय में नीति निर्धारण के लिए मजबूत आधार बन सकते हैं।

उन्होंने प्रो. महालनोबिस के आर्थिक मॉडल, मौसम विज्ञान और बुनियादी ढांचे में किये गये अनुप्रयोगों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-निदेशक आशीष कुमार ने की। उन्होंने बताया कि प्रो. महालनोबिस ने भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को वैज्ञानिक सांख्यिकीय पद्धतियों से परिचित कराया। उनके प्रयासों से ही कोलकाता में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना हुई और भारत में सांख्यिकी शिक्षा की नींव रखी गयी। विशेष जानकारी देते हुए वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि भले ही प्रो. महालनोबिस ने भौतिकी में शिक्षा ग्रहण की थी, लेकिन उन्होंने अपने जीवन को सांख्यिकी के क्षेत्र को समर्पित कर दिया। उनके नेतृत्व में पहला सांख्यिकी मास्टर्स कॉलेज प्रेसीडेंसी कॉलेज में आरंभ हुआ और आज एनएसओ देश भर में सांख्यिकी सेवा दे रहा है। डॉ. विनीत कुमार, उप महानिदेशक ने दिल्ली से दूरभाष के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांख्यिकी दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रो. महालनोबिस के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अल्बर्ट केर-केट्टा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सफल संचालन के साथ हुआ। सांख्यिकी दिवस महज एक आयोजन नहीं, बल्कि उन मूल्यों का स्मरण है जो डेटा की शक्ति और वैज्ञानिक सोच को सामाजिक विकास का आधार बनाते हैं।

# 26 को जोसारु का स्पंदन-3 तैयारी को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ रांची यूनिवर्सिटी (जोसारु) का तृतीय समागम स्पंदन-3 आगामी 26 जुलाई को होना निश्चित हुआ है। रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में आयोजित स्पंदन-3 की तैयारी को लेकर शनिवार को जोसारू के अध्यक्ष चंदन मिश्र की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। कार्यक्रम के प्रारूप के साथ साथ अन्य विषयों पर जोसारू के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श किया। इस अवसर पर एक स्मारिका स्पंदन 3 भी प्रकाशित करने का निर्णय लिया। जोसारू के समागम कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति तथा तैयारी समिति का भी गठन किया गया।

रांची विश्वविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सभी पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं से जोसारू ने अपील की है कि वे अपना वार्षिक सदस्यता शुल्क ऑनलाइन जमा करा कर स्पंदन-3 कार्यक्रम में अपना स्थान सुरक्षित करा लें। जोसारू के कॉमन ग्रुप में संस्था का क्यूआर कोड दिया गया है, अपना सदस्यता शुल्क इसी माध्यम से भेजें।

बैठक में संस्था के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, अजय कुमार, प्रणव कुमार बब्बू, संजय खंडेलवाल, अभिषेक शास्त्री उपस्थित हुए, जबकि कुछ साथियों ने बैठक में ऑनलाइन जुड़कर अपने सुझाव दिये।

### डॉ हेमन बर्ग की रिपोर्ट में खुलासा

# 'क्रोध' का परिणाम अत्यधिक भयावह होता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉक्टर 'अरोली' और 'केनन' ने अनेक परीक्षणों के बाद यह घोषित कर दिया है कि 'क्रोध' के कारण अनिवार्यतः उत्पन्न होने वाली रक्त की विषैली शर्करा हाजमा बिगाड़ने के लिए सबसे अधिक भयानक है। ऑक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी के स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ हेमन बर्ग ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि इस वर्ष परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों में अधिकांश चिड़चिड़े मिजाज के थे। पागलखानों की रिपोर्ट बताती है कि क्रोध से उत्पन्न होने वाले मस्तिष्क रोगों ने कइयों को पागल बना दिया। डॉक्टर जे. एस्टर का कथन है कि पंद्रह मिनट क्रोध करने में शरीर की इतनी शक्ति खरच हो जाती है, जितनी से कोई भी व्यक्ति साढ़े नौ घंटे परिश्रम कर सकता है। बाईबिल कहती है कि क्रोध को लेकर सोना अपनी बगल में जहरीले साँप को लेकर सोना है। सचमुच क्रोध की भयंकरता सब दृष्टियों से बहुत अधिक है।

इस महाव्याधि का शरीर और मन पर जो दूषित असर होता है, वह जीवन को पूरी तरह असफल बना देता है; अशांति, आशंका, आवेश उसे घेरे रहते हैं। पास-पड़ोसियों की दृष्टि में वह घृणा का पात्र बन जाता है। गृहकलह छिड़ा रहता है। प्रसिद्ध दार्शनिक सोना कहते हैं- क्रोध शराब की तरह मनुष्य को विचारशून्य, दुर्बल एवं लकवे की तरह शक्तिहीन कर देता है। दुर्भाग्य की तरह यह जिसके पीछे पड़ता है, उसका सर्वनाश करके ही छोड़ता है। डॉक्टर पूरनचंद खत्री का कथन है- क्रोध का मानसिक रोग किसी शारीरिक रोग से कम नहीं है। दमा, यकृत-वृद्धि, गठिया आदि रोग जिस प्रकार आदमी को घुला-घुलाकर मार डालते हैं, इसी प्रकार क्रोध का कार्य होता है। कुछ ही दिनों में क्रोधी के शरीर में कई प्रकार के विष उत्पन्न हो जाते हैं, जिनकी तीक्ष्णता से भीतरी अवयव गलने लगते हैं।

न्यूयार्क के वैज्ञानिकों ने परीक्षा करने के लिए गुस्से में भरे हुए मनुष्य का कुछ बूंद खून लेकर पिचकारी द्वारा खरगोश के शरीर में पहुंचाया। नतीजा यह हुआ कि बाईस मिनट बाद खरगोश आदमियो को काटने दौड़ने लगा। पैंतीसवें मिनट पर उसने अपने को काटना शुरू कर दिया और एक घंटे के अंदर पैर पटककर मर गया। क्रोध के कारण उत्पन्न होने वाली विषैली शक्कर खून को बहुत अशुद्ध कर देती है। अशुद्धता के कारण चेहरा और सारा शरीर पीला पड़ जाता है। पाचनशक्ति बिगड़ जाती है। नसें खिचती हैं एवं गरमी, खुश्की का प्रकोप रहने लगता है। सिर का भारीपन, आँखों तले अँधेरा, कमर में दरद, पेशाब का पीलापन, क्रोधजन्य उपद्रव हैं। अन्य अनेक प्रकार की व्याधियाँ उसके पीछे पड़ जाती हैं। एक अच्छी होती है तो दूसरी उठ खड़ी होती है और दिन-दिन क्षीण होकर मनुष्य अल्पकाल में ही काल के गाल में चला जाता है।

## आदिवासी लोहरा समाज ने गरीब बेटी की शादी का खर्चा उठाया



रांची (आजाद सिपाही)। सामाजिक सगंठन आदिवासी लोहरा समाज द्वारा कांके प्रखंड के ग्राम होचर में रविवार को एक छोटी सी पहल समाज की गयी। लोहरा समाज का एक गरीब परिवार है। पिता पैर से विकलांग हैं और मां आंखों से देख नहीं पाती है। लड़की बच्ची दाई काम कर के घर चलाती है। आज उस परिवार को कांके प्रखंड अध्यक्ष अनूप लोहरा केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष महादेव लोहरा, केंद्रीय मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, महिला प्रकोष्ठ सचिव लक्षण देवी, राजो देवी, सोनू लकड़ा, पूर्व सरपंच गणेश लोहरा, रवि लोहरा के सहयोग से शादी करने का पूरा खर्चा उठाया गया। समाज कि ओर से सभी सामान उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर आदिवासी लोहरा समाज के लोगों ने कहा कि हमारा समाज केवल जाति प्रमाण पत्र ही नहीं देखता, बल्कि जमीनी अस्तर से जुड़े गरीब परिवार सब को भी देखने का काम करता है और तत्पर रहेगा। इसकी जानकारी केंद्रीय मीडिया प्रभारी संजय लोहरा ने दी।

## पद्मश्री कवि सुरेंद्र दुबे के निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

रांची (आजाद सिपाही)।हास्य-व्यंग्य कविता के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पद्मश्री सम्मानित कवि सुरेंद्र दुबे के आकस्मिक निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि डॉ सुरेंद्र दुबे न केवल एक सशक्त और प्रखर कवि थे, बल्कि वे अपने शब्दों से समाज को जागरूक करने वाले सच्चे संवेदनशील रचनाकार भी थे। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में-सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, अशोक कुमार नारसरिया, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, अनिल अग्रवाल, पवन पोद्दार, किशोर मंत्री, रतन मोर, कमल जैन, मनोज बजाज, पुनीत पोद्दार, पुनीत अग्रवाल, हरि कनोडिया, संजय सर्राफ, प्रकाश झ्रोलिया, बबलू हरित, संतोष अग्रवाल शामिल है।

# कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और कमजोर नेतृत्व के कारण खूंटी में डूब रही है भाजपा की लुटिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के लिए कभी अभेद्य किला रहा खूंटी जिला पार्टी संगठन के दृष्टिकोण से लगातार कमजोंर हो रहा हे। यह कोई और नहीं, बल्कि पार्टी के पुराने ओर वरिष्ठ नेता ही कह रहे हैं। खूंटी में एक ओर जहां भाजपा की लोगसभा ओर विधानसभा में करारी हार हुई। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं की गुटबाजी आंतरिक कलह ओर कमजोर नेतृत्व के कारण जिले में पार्टी लगातार कमजोर होती जा रही है। पुराने कार्यकर्ता कहते हैं कि पद्मभूषण कड़िया मुंडा जैसे पार्टी के भीष्म पितामह की उपेक्षा, पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं देना और जनप्रतिनिधियों की जनता से दूरी कें कारण आम लोग भी पार्टी से दूर होते जा रहे हैं।

कंद्रीय मेंत्री अर्जुन मुंडा और लाकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के सांसद प्रतिनिधि रह चुके मनोज कुमार कहते हैं कि 25 जून को भाजपा कार्यालय में आपात्त काल के 50 वर्ष पूरा होंने पर काला दिवस मनाया गया। कड़िया मुडा, जिन्होंने जनसंघ काल से पार्टी को सींचा और पार्टी को इस मुंकाम जक ले गये, जहां से वे आठ बार सांसद और कोलबिरा को छोड़ सभी पांच विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाते रहे, लेकिन आज जिला नेतृत्व उनकी ही उपेक्षा कर रहा है। आपात्तकाल में कड़िया मुंडा ने तेरह महीने तक जेल में दिन काटे, उनकी अनदेखी काफी पीड़ादायक है।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे ज्योतिष भगत कहते हैं कि पर्टी की आंतरिक गुटबाजी और कमजोर नेतृत्व के सथ ही अनुभवी लोगों को दर किनार करना पार्टी के लिए महंगा साबित हो रहा है।

जिला में ही पार्टी के उपाध्यक्ष रहे तुलसी भगत कहते हैं कि पार्टी की कथनी और करनी में काफी अंतर आ गया है। अब पार्टी में थैली शाहो की चलने लगी है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट के लिए रायशुमारी कर कार्यकर्ताओं की राय ली गयी, पर इसका क्या हश्र हुआ, यह सबको मालूम है।

पार्टी के प्रवक्ता और युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे अनूप साहू कहते हैं कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को खूंटी की पूरी कहानी मालूम है। इसके बाद भी वह आंखें बंद कर बैठा है।

रनिया के पूर्व सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू कहते हैं कि प्रदेश नेतृत्व को चाहिए कि वह दोनों गुटों के नेताओं को एक साथ बैठाकर मामले को सुलझाए।

युवा मोर्चा के जिला सचिव रहे और युवा मोर्चा के नेता नीरज पाढ़ी कहते हैं कि जिला नेतृत्व की कमजोरी और प्रदेश नेतृत्व की अनदेखी के कारण संगठन कमजोर हो रहा है।

पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो कहते है। कि प्रदेश नेतृत्व को चाहिए कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर गुटबाजी को दूर करे और सक्षम नेतृत्व को पार्टी की बागडोर सौंपे। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति रही, तो भाजपा का भी वही हश्र हो सकता है, जो आज खूंटी में झारखंड पार्टी का है। बता दें कि पिछले लोकसभा के साथ ही विधानसभा की सभी छह सीटों पर भाजपा को कड़ी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। 1977 के बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब खूंटी लोकसभा क्षेत्र के किसी भी सीट पर भाजपा का प्रतिनिधित्व नहीं है।



### कोई गुटबाजी नहीं है, ऊर्जावान अध्यक्ष की जरूरत: निखिल कंडुलना

भाजपा के जिला महामंत्री निखिल कंडुलना भाजपा में गुंटबाजी से साफ इंकार करते हैं और कहते हैं कि गुटबाजी की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण जिस तरह क्षेत्र में पूरे जिले में सक्रियता के साथ कार्यकर्ताओं को समेट कर चलना चाहिए और नेताओं के साथ एक दूसरे से समन्वय स्थापित करना चाहिए, नहीं हो पा रहा है। आनेवाले समय में पार्टी को चाहिए कि एक मजबूत और ऊजार्वान जिला अध्यक्ष को दाश्त्वि सौंपे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह एकजुट है। पार्टी के सभी कार्यक्रम लगातार चल रहे है। कुछ एक-दो नेता अपवाद में हैं जो अपने आप को संगठन से भी ऊंचा समझते हैं, पर वे इसकी सजा भोग चुके हैं। निखिल ने कहा कि राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। फिर से हम लोग मजबूत होकर अगली बार खूंटी लोकसभा एवं लोकसभा की सभी विधानसभा जीतेंगे। उन्होंने कहा कि कड़िया मुंडा को निश्चित रूप से सम्मान मिलना चाहिए।

## पूजा यादव को गिरफ़्तार करें, अन्यथा घासी समाज आंदोलन करेगा : मुकेश



रांची (आजाद सिपाही)। घासी (नायक ) यूवा कल्याण संघठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष टाइगर संदीप नायक और कार्यकरी अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि पूजा यादव को गिरफ्तार जल्द किया जाये। पूजा यादव द्वारा घासी समाज को सोसल मीडिया के माध्यम से अभद्र रूप से टीपा टिप्पणी की गयी है। इसकी कड़ी निंदा करते हुए रविवार को चितरपुर में रामगढ़ जिला के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि पूजा यादव पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जो माफी मांगी है, उसे घासी समाज स्वीकर नहीं करता है। पूजा यादव को गिरफ़्तार किया जाये, अन्यथा घासी समाज आंदोलन करेगा। मौके पर विजय नायक, शिवटहल नायक, सुरेश नायक, आशीष नायक, आकाश नायक, कृष्णा नायक, रौनक नायक और रामगढ़ से चूनू नायक, जिला अध्यक्ष अनिल नायक, पुर्व घासी समाज के जिला अध्यक्ष संजय नायक , बिनोद नायक, सुनील नायक, दिलीप नायक, नवीन नायक, जयदेव नायक आदि उपस्थित रहे।

## कालीबाड़ी में नगर भ्रमण के साथ मां विपदत्तारिणी की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी महावीरनगर स्थित कालीबाड़ी में श्री श्री विपत्ततारिणी पूजा समिति के द्वारा किए जा रहे दो दिवसीय मां विपत्ततारिणी पूजा के अंतिम दिन रविवार की सुबह में मां का पूजन एवं आरती किया गया। वहीं हवन कर खीर तथा खीचड़ी का भोग लगाया गया। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से समिति के संयोजक डॉ चंद्रशेखर रत्ना, अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी, सचिव समर कुमार सेन, उपाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, अनुराग सिंह, सहसचिव रोहित नायक, महादेव घोषाल, मलय मुखर्जी, डॉ एस के घोषाल, आचार्य विश्वजीत घोषाल, संतोष गुप्ता, राजीव बनर्जी, कृष्णा सहित कार्यसमिति सदस्य और काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।







### ओरमांझी में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित

# बीडीओ-दारोगा गरीबों की नहीं सुनते इस व्यवस्था को बदलें : सुदेश महतो

- शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना अधर में
- उपमुखिया, ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों युवाओं ने आजसू का थामन थामा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी में आजसू पार्टी के का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पार्क पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के अलग अलग पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे और सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का थामन थामा। मिलन समारोह में गगरी पंचायत उप मुखिया तीर्थ मोहन उरांव, चढ़ू पंचायत के उप मुखिया प्रीतम महतो, पूर्व मुखिया प्रत्याशी भीम मुंडा, राज साहू, विशाल मुंडा, शशि महतो, धर्मवीर मुंडा, विवेक नायक, राहुल बैठा, विवेक कुमार समेत सैकड़ों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

सम्मेलन में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य का भविष्य तभी संभव है, जब युवा अपने नेतृत्व क्षमता को आगे लाये और नेतृत्व करे। उन्होंने कहा आजसू के नेतृत्व में युवा शक्ति ने झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया।

श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में जनता के अधिकारों को दबाया जा रहा है और दलाली एवं भ्रष्टाचार का आलम है। प्रखंड में बीडीओ और थाना में दारोगा के पास गरीब लोग आवेदन लेकर रोज पहुंचते हैं, लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं। इस व्यवस्था को बदलने की जरूरत है। श्री महतो ने कहा कि शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना उन्होंने शुरू की थी जो इस सरकार में अधर में लटकी है। ओरमांझी में टिकैत उमराव तथा शेख भिखारी के गांवों को आदर्श गांव बनाने के की योजना थी, जो पूरी नहीं हुई है।

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आजसू की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आजसू ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनेगी और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलेगी। सम्मेलन को दीपक महतो, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, हकीम अंसारी, बैजनाथ महतो, रामधन बेदिया ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजकिशोर महतो ने किया। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, रामनंदन महतो संजय तिर्की, लालू महतो, सुमित महतो, अभिमन्यु सिंह, संजय महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कल से ट्रेन चलने से आठ घंटे पहले तैयार होगी आरक्षण सूची

- तत्काल टिकट सत्यापित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेल से सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख कर एक जुलाई से कई बड़े बदलाव किये जा रहे हैं। नये बदलाव के तहत अब आरक्षण चार्ट ट्रेन खुलने से आठ घंटे पहले तैयार होगा। साथ ही नयी यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) दिसंबर 2025 तक लागू होगी। एक जुलाई से तत्काल टिकट सत्यापित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे। नयी व्यवस्था को अगस्त से चरणबद्ध तरीके से लागू होगी।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल टिकट और यात्रियों से जुड़ी सुविधाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक में रेलवे बोर्ड के फैसले पर मुहर लगा दी। वर्तमान में किसी भी ट्रेन का आरक्षण चार्ट ट्रेन के खुलने से चार घंटे पहले तैयार किया जाता है। इससे यात्रियों के मन में संशय बना रहता है। अब रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव रखा है कि चार्ट ट्रेन के खुलने से आठ घंटे पहले ही तैयार किया जाये। यदि ट्रेन दोपहर दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जायेगा। इस प्रस्ताव को रेल मंत्री ने स्वीकृति दे दी है। इस नयी व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिये हैं, जिससे संचालन में कोई दिक्कत न हो। इन्हें मिलेगी राहत इस फैसले से प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) वाले यात्रियों को पहले से अपने टिकट की स्थिति का पता लग सकेगा। अगर उनका टिकट कंफर्म नहीं होता है, तो वह वैकल्पिक इंतजाम कर सकेंगे। इससे दूरदराज से ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

**टिकट बुकिंग क्षमता बढ़कर 1.5 लाख प्रति मिनट हो जायेगी:** रेल मंत्री ने यात्री आरक्षण प्रणाली के आधुनिकीकरण को लेकर विस्तार से समीक्षा की। यह प्रणाली पर बीते कुछ महीनों से रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र काम कर रहा है। नयी यात्री आरक्षण प्रणाली आधुनिक, लचीला और अत्यधिक क्षमता वाली होगी। यह मौजूदा निर्धारित दबाव से दस गुना अधिक को संभाल सकेगा। नयी प्रणाली एक मिनट में 1.5 लाख टिकट बुकिंग की क्षमता रखेगी, जबकि वर्तमान सिस्टम की क्षमता 32 हजार प्रति मिनट की है। यानी नयी प्रणाली लगभग पांच गुना अधिक क्षमला वाली होगी।

**बढ़ कर 40 लाख प्रति मिनट हो जायेगी इंक्वायरी क्षमता :** इसी तरह से पूछताछ प्रणाली की क्षमता भी दस गुना बढ़ जायेगी, जिसमें एक मिनट में 40 लाख पूछताछ संभव होगी। बहुभाषी और उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस होगा। इसमें यात्रियों को सीट चयन, किराया से जुड़ा कैलेंडर देखने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। दिव्यांगजन, छात्र, मरीज आदि के लिए एकीकृत सुविधाएं भी प्रदान की जायेंगी।

**कल से तत्काल टिकट प्रमाणीकृत उपयोगकर्ता ही कर सकेंगे:** बुक भारतीय रेलवे ने निर्णय लिया है कि एक जुलाई से आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर केवल प्रमाणीकृत उपयोगकर्ता ही तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे। इसके साथ ही, जुलाई अंत से ओटीपी आधारित सत्यापन अनिवार्य कर दिया जायेगा। रेल मंत्री ने निर्देश दिया है कि सत्यापन प्रणाली को व्यापक रूप से लागू किया जाये।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** कठिन परिश्रम-प्रयत्न। धैर्य से जमीन-जायदाद। स्थिर संपत्ति से संबंधित काम बनेंगे।

**वृष** सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बच्चों के रिश्ते आयेंगे।

**मिथुन** समाज में लोग आपका फायदा उठाएंगे। चलते काम में बाधा हो सकता है। खर्च अधिक।

**कर्क** शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। बच्चों की तरफ से खुशखबरी। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। आर्थिक लाभ। घर में खुशी। पुराने मामलें निबट सकते हैं।

**कन्या** चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी। अनायास धन व कार्य की प्राप्ति। सूझबूझ से कार्य बनेंगे।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। संपर्क से लाभ होगा।

**वृश्चिक** कर्मक्षेत्र में शुभ समाचार मिलेगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शुभ कार्य में व्यस्त रहेंगे।

**धनु** सफलता दस्तक देगी। सरकारी कार्य में प्रगति होगी। हर्षदायक समाचार और धनलाभ होगा।

**मकर** मन उच्चाभिलाषी रहेगा। रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी। नया कार्य की योजना सफल होगी।

**कुंभ** नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना। दूर की यात्रा के योग। नये मेहमान का आगमन।

# झामुमो ने भगवान बिरसा मुंडा, डॉक्टर अंबेडकर, सिदो कान्हू और अन्य महापुरुषों का अपमान किया है : प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला करते हुए पार्टी पर भगवान बिरसा मुंडा, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, सिद्धू कान्हू सहित झारखंड के शहीदों और महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े एक संगठन की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व मंच पर बैठा था और उनके मंच के पास उनके पैरों के नीचे भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगायी गयी थी। यह बेहद शर्मसार करने वाला वाकया है और यह झारखंड मुक्ति मोर्चा की शहीदों के प्रति सोच को दिखाता है।

प्रतुल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा को पूरा झारखंड भगवान के रूप में मान्यता देता है। बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर संविधान के निर्माता और वंचित समुदाय के मसीहा थे। सिद्धू कान्हू सहित अनेक महापुरुष जो झारखंड में पूजनीय है, उनकी तस्वीर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने अपने पैरों के नीचे लगा कर रखा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता खुद मंच पर टांग चढ़ा कर बैठे थे। अपने पैरों के नीचे मंच पर इन शहीदों की तस्वीरों को रखा था। यह बहुत अपमानजनक और शर्मनाक वाकया है और झारखंड मुक्ति मोर्चा की इन महापुरुषों के प्रति सोच को दिखाता है।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इससे पहले भी लालू प्रसाद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पैरों के पास बाबा साहब की तस्वीर को रखा गया।



### अविलंब माफी मांगे झामुमो

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ये तस्वीर झामुमो की शहीदों के प्रति घटिया सोच वाली मानसिकता को उजागर करता है। प्रतुल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सहित तमाम महापुरुषों का अपमान झारखंड बिल्कुल नहीं सहेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

# हमें महापुरुषों का सम्मान करना भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं : विनोद कुमार पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा की ओर से लगाये गये आरोपों को एक सिरे से खारिज किया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक संवेदनशील विषय को लेकर भाजपा सस्ती राजनीति कर रही है और शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है। हमें महापुरुषों का सम्मान करना कम से कम भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं है।

कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन में किसी भी महापुरुष का किसी भी प्रकार से अपमान नहीं किया गया। भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब अंबेडकर, सिद्धू-कान्हू सहित तमाम महापुरुषों की तस्वीरों को श्रद्धा के साथ मंच पर प्रदर्शित किया गया था। यह तस्वीरें मंच की शोभा थीं और इन्हें सम्मानपूर्वक लगाया गया था।

भाजपा नेताओं द्वारा फैलाया गया यह आरोप न केवल झूठा है, बल्कि झारखंड की जनता को गुमराह करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। झामुमो इन महापुरुषों की विचारधारा पर चलता है और उनके बलिदानों को अपना मार्गदर्शक मानता है। हमारा पूरा संघर्ष ही उनके सिद्धांतों पर आधारित है।

हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आदिवासी अधिकारों को कुचलने वाले उनके नीति-निमार्ता किस मुंह से भगवान बिरसा मुंडा और बाबासाहेब का नाम लेते हैं? असल अपमान तो तब होता है



जब संविधान और सामाजिक न्याय की भावना को बार-बार कुचला जाता है।

हम भाजपा से आग्रह करते हैं कि वे झूठ फैलाने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने शहीदों और महापुरुषों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है और रहेगा। भाजपा की ओछी राजनीति झारखंड की जनता समझ चुकी है और उचित समय आने पर भाजपा को माकूल जवाब देगी।

# डीसी की फेक फेसबुक आइडी बनायी गयी, केस दर्ज, जांच शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के नाम से एक फेक फेसबुक आइडी बनायी गयी है। इस फर्जी अकाउंट के माध्यम से असामाजिक तत्वों द्वारा आम नागरिकों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही हैं। इस फर्जी अकाउंट से असामाजिक लोग आम लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज रहे हैं। इसका मकसद लोगों को ठगना और धोखा देना है।

इस फर्जी आइडी मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने संबंधित साइबर क्राइम यूनिट को जांच के निर्देश दिये हैं। दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और मामले की जांच की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से केवल अधिकृत सोशल मीडिया पेज और वेबसाइट से ही जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।

**जिला प्रशासन ने दी चेतावनी**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि डीसी मंजूनाथ भजंत्री का इस फेसबुक अकाउंट से कोई लेना-देना नहीं है। यह पूरी तरह फर्जी




और भ्रामक आइडी है। लोगों से अपील की गयी है कि वे किसी भी अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच अवश्य करें।

**साइबर अपराध को लेकर सतर्कता जरूरी**

प्रशासन ने कहा है कि यह गतिविधि साइबर अपराध की श्रेणी में आती है और इससे लोगों को आर्थिक और व्यक्तिगत नुकसान हो सकता है। ऐसे मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

# रेलवे सुरक्षा बल रांची ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत की बड़ी कार्रवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार रांची मंडल में आरपीएफ के अधिकारी व जवान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। रांची रेलवे स्टेशन पर नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आरपीएफ पोस्ट रांची तथा फ्लाइंग टीम रांची द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन संख्या 12817 (हटिया-आनंद विहार एक्सप्रेस) प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर पहुंची। जांच के दौरान कोच नंबर ट2 में सीट संख्या 80 पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा पाया गया, जिसके पास एक काले रंग का पिठू बैग तथा एक हरे-काले रंग का हैंडबैग था। पूछताछ पर उसने अपना नाम अमन, उम्र 22 वर्ष, पिता का नाम राघव राम, निवासी ए-508 जेजे कॉलोनी, थाना बवाना, जिला उत्तर-पश्चिम दिल्ली बताया। उसने कबूल किया कि उक्त बैग उसके ही हैं और उसमे कुल 10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत एक लाख रुपये आंकी गयी है। उक्त व्यक्ति को तुरंत प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर जीआरपीएस कार्यालय के समीप रोका गया और आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त रांची को सूचित किया गया। मौके पर पहुंच कर सभी कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाशी ली गयी और गांजा को डीडी किट से जांचकर पुष्टि की गयी। आरोपी पूछताछ में बताया कि उसने यह गांजा विशाखापट्टनम से खरीदा था और आनंद विहार में ऊंचे दाम पर बेचने जा रहा था। गांजा को मौके पर ही जब्त कर लिया गया तथा आरोपी को जीआरपीएस रांची को सौंप दिया गया।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण

- भजन-संध्या के कार्यक्रम में घंटों झूमते रहे भक्तगण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 214वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। रविवार का महाप्रसाद श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आयोजित किया गया।



अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में केसरिया खीर, आलू चिप्स का पैकेट का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। श्री राधा-कृष्ण के जयकारा एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भक्तगण भक्ति रस में डूब गये। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी।

ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगी रही। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 4 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, मधु जाजोदिया, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पूर्णमल सर्राफ, सुनील पोद्दार, संजय सर्राफ, पवन पोद्दार, अंजनी अग्रवाल, रमन अग्रवाल, गोवर्धन यादव, आशा मुंजाल, शोभा जालान, रश्मी जालान, निकिता अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, अशोक ठाकुर, मुरली परमार, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित अवकाश परिवर्तित में बदला

**रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व की विश्वविद्यालय अधिसूचना, दिनांक 21.12, 2024 में कुलपति के आदेशानुसार आंशिक संशोधन करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में 30 जून 2025 के प्रतिबंधित अवकाश को परिवर्तित करते हुए 30 जून को विश्वविद्यालय में हूल दिवस के अवसर पर नियमित अवकाश घोषित कर दिया गया। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।**


## शपथ पत्र



शपथ पत्र संख्या 2194 दिनांक 23.06. 2025 के अनुसार, मै **दास अनीता अमोद चंद**, पति का नाम श्री धनंजय कुमार, उम्र लगभग 45 वर्ष निवास स्थान ग्राम धरमु पोस्ट ईचाक, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग राज्य झारखण्ड की निवासी शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ कि :-
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ एवं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे नाम से एक बचत खाता जो बैंक ऑफ इंडिया शाखा ईचाक मोड़ का है, जिसका खाता संख्या 493810110017475 है जिसमें मेरा नाम अनिता अमोद चंद (ANITA AMOD CHAND) अंकित है।
3. यह कि मेरे आधार संख्या 4941 3050 3453 एवं पैन कार्ड संख्या CJJPC0352H में मेरा नाम दास अनिता अमोद चंद (DAS ANITA AMOD CHAND) अंकित है।
4. यह कि दास अनिता अमोद चंद (DAS ANITA AMOD CHAND) एवं अनिता अमोद चंद (ANITA AMOD CHAND) दोनों नाम एक ही महिला का नाम है जो मेरा स्वयं का नाम है, मेरे उक्त दोनों नाम के बाबत भविष्य में किसी प्रकार का प्रश्न उठता है इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।
5. यह कि मै यह शपथ पत्र अपने उक्त बचत खाता में अपना नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में दर्ज नाम के अनुसार करवाने हेतु दे रही हूँ।
6. यह कि उक्त कथन सत्य एवं सही है।


# भारत गौरव ट्रेन से दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/पटना/नयी दिल्ली बिलासपुर।** दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भ्रमण करने के उद्देश्य से चर्चित भारत गौरव एक्सप्रेस चलने का फैसला लिया गया है, जो बिहार और झारखंड सहित अनेक राज्यों के लोगों को दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक ले जायेगी। भागलपुर स्टेशन से इस भारत गौरव एक्सप्रेस की शुरूआत होगी और 12 दिवसीय यात्रा के तहत यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वर, मदुरई, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन करवायेगी।

आइआरसीटीसी की इस विशेष पर्यटक ट्रेन के द्वारा भक्तों को दक्षिण भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों और पवित्र स्थानों पर दिव्य उपस्थिति का अनुभव करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन में भागलपुर, जसीडिह, मधुपुर, बराकर, धनबाद, बोकारो, मुरी, रांची, राउरकेला, झारसुगुडा, चाम्पा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग सहित कई बोर्डिंग और डिबोर्डिंग प्वॉइंट शामिल हैं। इस भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर क्लास (इकोनॉमी) की 640 सीटों की व्यवस्था की गयी है, जबकि तृतीय वातानुकूलित श्रेणी में 70 सीटें हैं।

भारत गौरव यात्रा की टिकट लेने वाले यात्रियों को रेल यात्रा के साथ-साथ सड़क यात्रा, भोजन (चाय, नाश्ता, लंच, डिनर), डबल/ट्रिपल शेयरिंग के आधार पर आरामदायक और साफ आवास (इकोनॉमी के लिए नॉन-एसी; स्टैंडर्ड और कम्फर्ट क्लास के लिए एसी),बसों द्वारा स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, ऑनबोर्ड टूर एस्कॉर्ट, हाउसकीपिंग, सुरक्षा और पैरामेडिकल स्टाफ की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह यात्रा आराम और सुरक्षा के साथ कई तीर्थों के दर्शन और आध्यात्मिक पूर्ति प्राप्त करने का एक अद्वितीय मौका प्रदान करती है - वो भी किफायती कीमत पर।

बिहार झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों के जो लोग इस यात्रा के भागीदार बनना चाहते हैं वह IRCTC के कोलकाता और रांची कार्यालय या अधिकृत एजेंटों) के माध्यम से भी बुकिंग कर सकते हैं।

### कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट की योग प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते 18 पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कॉसमॉस युथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को अंतरजिला योग प्रतियोगिता का आयोजन पारिजात धर्मशाला लालपुर में किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रभात खबर के आरके दत्ता थे। इस योग प्रतियोगिता में जगदीश सिंह, विश्वजोय चौधरी, राकेश कुमार निर्णायक थे। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्वाति प्रिया, द्वितीय पुरस्कार आयुषी गुप्ता और तीसरा पुरस्कार अराध्या कृष्णा ने प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार आर्यन कुमार, द्वितीय पुरस्कार राज कुमार और तृतीय पुरस्कार शौर्य देसवाल ने प्राप्त किया। आज के समय में योग को बढ़ाने के लिये तमाम तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। रांची में बच्चे और युवा धीरे-धीरे योग में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। योग प्रतियोगिता में 104 बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग महोत्सव के दौरान बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपना स्थान सुनिश्चित किया।



बच्चों के इस प्रतिभा प्रदर्शन को संस्था के संस्थापक देबाशीष रॉय ने खूब सराहा। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। योगाचार्य इंद्रजीत चक्रवर्ती ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मजबूत है भारत की अर्थव्यवस्था

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा मई 2025 में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही भारत की अर्थव्यवस्था ने भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद मजबूत और लचीला प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आर्थिक स्थिति स्थिर बनी हुई है और समग्र रूप से आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। समीक्षा में बताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के माहौल में भी मजबूती दिखाई है, जिसे घरेलू मांग में सुधार, मुद्रास्फीति में कमी, रोजगार की स्थिर स्थिति और निर्यात क्षेत्र की मजबूती का सहयोग मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-वे बिल, ईंधन की खपत और पीएमआइ सूचकांक जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी संकेतक इस बात की पुष्टि करते हैं कि आर्थिक गतिविधियां वित्त वर्ष 26 की शुरुआत में भी स्थिर रही हैं। ग्रामीण मांग में वृद्धि की वजह अच्छी रबी फसल और सकारात्मक मानसून पूवार्नुमान को बताया गया है। शहरी खपत को बढ़ती पर्यटन और व्यावसायिक यात्राओं से बल मिल रहा है, जो हवाई यात्रा और होटल बुकिंग में बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निर्माण सामग्री और वाहन बिक्री जैसे कुछ क्षेत्रों में मंदी के संकेत दिखे हैं। मई 2025 में खाद्य और खुदरा मुद्रास्फीति में सतत और व्यापक गिरावट दर्ज की गई, जिसका श्रेय कृषि उत्पादन में मजबूती और सरकारी हस्तक्षेपों को दिया गया। वैश्विक घटनाक्रमों के कारण 2025 की शुरुआत में व्यापार तनाव बढ़ा, जिससे वित्तीय बाजारों में अस्थिरता देखी गयी। हालांकि दूसरी तिमाही में कुछ हद तक स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान भी भारतीय सरकारी बॉन्ड बाजार ने मई में स्थिरता और विश्वास बनाए रखा। इसकी प्रमुख वजह रही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिकॉर्ड लाभांश की घोषणा और वित्त वर्ष 25 की अंतिम तिमाही की मजबूत वृद्धि। इस कारण सरकारी बॉन्ड पर जोखिम प्रीमियम घटकर 182 बेसिस पॉइंट रह गया। भारत के कुल निर्यात (माल और सेवाएं) में मई 2025 में 2.8% की सालाना वृद्धि दर्ज की गयी, जो वैश्विक आर्थिक मंदी और टैरिफ अस्थिरता के बावजूद निर्यात क्षेत्र की मजबूती दर्शाता है। 13 जून तक, देश का विदेशी मुद्रा भंडार $699 बिलियन पर बना रहा, जो 11.5 महीने के आयात को कवर करने में सक्षम है। भारतीय रुपया अन्य वैश्विक मुद्राओं की तुलना में मध्यम अस्थिरता के साथ स्थिर बना रहा। रिपोर्ट में बताया गया कि श्रम बाजार भी स्थिरता की ओर बढ़ रहा है।

**समीक्षा में बताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के माहौल में भी मजबूती दिखाई है, जिसे घरेलू मांग में सुधार, मुद्रास्फीति में कमी, रोजगार की स्थिर स्थिति और निर्यात क्षेत्र की मजबूती का सहयोग मिला है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1793 ई0 की स्थायी बंदोबस्ती लागू होने के कारण संथालियों के आर्थिक ह्रास शुरू हुआ। 1855 का संथाली राजद्रोह अचानक नहीं हुआ। दशकों से विभिन्न गांवों के बाजार-हाट में लोग मिलते और शोषण के खिलाफ गुप्त मंत्रना करते। 1855 के शुरुआत में बीरभूम, बांकुरा और हजारीबाग से हजारों की संख्या में संथाली यहां आये, जिससे यहां के संथालियों को बल मिला। क्रांति की भूमि तैयार थी। बस एक चिंगारी की जरूरत थी। बरहैत से कुछ दूर दक्षिण स्थित भोगनाडीह में चार भाई - सिदो, कान्हू, चांद और भैरव ने शुरू कर दी।**

# हूल क्रांति : अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ 'बलिदान' देनेवाले वीरों की कहानी



डॉ मोहम्मद जाकिर

झारखंड में समय-समय पर अंग्रेजों, महाजनों, सूदखोरों, जमींदारों के खिलाफ विद्रोह होते रहे, जिनमें 1857 में भारत की स्वतंत्रता की प्रथम लड़ाई से पूर्व तिलका मांझी, वीर बुधू भगत और 1855 के संथाल में सिदो-कान्हू प्रमुख हैं। महान संथाल विद्रोह, जिसे संथाली भाषा में हूल कहते हैं, का एक सौ सतर साल हो गये।

संथाल विद्रोह के पीछे आदिवासी अपनी संस्कृति-परंपरा-जमीन की रक्षा, शोषण के विरुद्ध हथियार उठाने पर विवश हुए। संथाली जंगल काट कर नयी जोत बनाते, उसे हथिया लिया जाता. सूदखोर-साहूकार-महाजनों ने किसानों को अपने कर्ज के विषैले चक्र में फंस कर उन्हें बंधुआ मजदूर बना लेते। एक तो ब्याज का दर काफी अधिक होता, वहीं चक्रवृद्धि ब्याज लगा कर उनके जमीन हड़प लेते। रेलवे लाइन बिछाने वाले अंग्रेज कर्मचारी किसानों पर जुल्म करते। उनके मवेशियों और महिलाओं को भी जबरन उठा कर ले जाने लगे। ऐसी अमानवीय घटनाओं ने आग में घी डालने का काम किया। 1793 ई० की स्थायी बंदोबस्ती लागू होने के कारण संथालियों के आर्थिक ह्रास शुरू हुआ। 1855 का संथाली राजद्रोह अचानक नहीं हुआ। दशकों से विभिन्न गांवों के बाजार-हाट में लोग मिलते और शोषण के खिलाफ गुप्त मंत्रना करते। 1855 के शुरुआत में बीरभूम, बांकुरा और हजारीबाग से हजारों की संख्या में संथाली यहां आये, जिससे यहां के संथालियों को बल मिला। क्रांति की भूमि तैयार थी। बस एक चिंगारी की जरूरत थी। बरहैत से कुछ दूर दक्षिण स्थित भोगनाडीह में चार भाई - सिदो, कान्हू, चांद और भैरव ने शुरू कर दी। लोगों को बताया कि उन्हें ईश्वरीय दूत के दर्शन हुए हैं। उनसे दिव्य संदेश मिला है। तुरंत वहां एक देवस्थान निर्मित हुआ। मिट्टी की पिंडी बना कर उसे रथचक्र से विभूषित कर दिया गया। लोगों ने वहां चढ़ावा चढ़ाना शुरू कर दिया। शाल वृक्ष की टहनियां हर तरफ घुमा कर लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।

**अंग्रेजों के जुल्म के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को हर वर्ष 30 जून को हूल दिवस के रूप में याद करते हैं।**


30 जून 1855 की चांदनी रात में 10000 हजार संथाली भोगनाडीह में एकत्र हुए। सरकारी सत्ता को अस्वीकार कर घोषणा की उनकी नये देवता ने उन्हें राजस्व संग्रह कर सरकार को दे देने का निर्देश दिया है, जो प्रतिवर्ष भैंस के हल पर दो आना, बैल के हल पर एक आना तथा गाय के हल पर दो पैसे के हिसाब से हो तथा ऋण ब्याज की दरें प्रति रुपया एक पैसा के दर से दिये जायें। सिदो को सभा में राजा घोषित किया गया। कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक और भैरव को सेनापति बनाया गया। 'अबुआ राज' (स्वशासन) की औपचारिक घोषणा की गयी। अंग्रेजी सरकार को मालगुजारी देना बंद हो गया। लोगों ने 'करो या मरो' की शपथ ली।

हूल क्रांति की शुरुआत हुई। करहरिया थाने के दारोगा प्रताप नारायण को लोगों ने मार डाला। भागलपुर के दंडाधिकारी एनई रिचार्डसन तथा श्री पोंटेंट ने, जो उस वक्त राजमहल में थे, भाग कर शाहशुजा के राजमहल तथा रेलवे इंजीनियर के आवास में शरण ली। घर घेर लिया गया। सैनिक आकर उनको बचाया। भागलपुर के आयुक्त सीएफ ब्राउन को 8 जुलाई को क्रांति की खबर मिली। वे आदेश जारी किया कि पूरी ताकत से विद्रोह दमन किया जाये। मेजर एफडब्ल्यू ब्यूरो की अध्यक्षता में 10 जुलाई को रवाना सैन्य दल रवाना हुआ, जिसमें मुख्यतः पहाड़ी घुड़सवार थे। लड़ाई में संथाली लोग भाला, तीर, धनुष और फरसा के बल पर उनको पराजित करने में सफल हुए।

विभिन्न स्थानों में विद्रोह फूट पड़ा। पाकुड़ और उसके आसपास के गांवों में लूटपाट किया गया। महाजन और अत्याचारी जमींदार संथाली क्रोध के निशाना बनाये गये। कई जगहों पर भिड़ंत हुई। कई संथाली गिरफ्तार और मारे गये। 11 जुलाई को विरहामपुर से दंडाधिकारी टूगूड की अध्यक्षता में 7वीं राष्ट्रीय पैदल-सेना की टुकड़ी रवाना हुई। यह टुकड़ी संथालियों का पीछा करती रही। महेशपुर में 15 जुलाई को विद्रोहियों से सामना हुआ। इस संघर्ष में सिदो, कान्हू और भैरव को गोली लगी। करीब 200 संथाली घायल हुए। कई की जान गयी। 7वीं रेजिमेंट नेटिव इन्फन्ट्री की दूसरी दुकड़ी ने पाकुड़ से पश्चिम तराई नदी के किनारे 3000 संथालियों को हराया। उधर टूगुड के अध्यक्षता वाली सेना ने रघुनाथपुर में संथालियों को मात दी। कई युद्धों में अंग्रेज हारे। विद्रोहियों की छापामारी शैली को रोकने में नाकामयाब रहे। अंततः 10 नवंबर 1855 को अंग्रेजों ने पूरे क्षेत्र में मार्शल लॉ लगा दिया। अंग्रेजों ने कलकत्ते और दूसरी जगहों से फौज बुलायी, स्थानीय राजाओं और जमींदारों से सैनिक सहायता लिया। कई महीनों तक ब्रिटिश शासन से उनका युद्ध चलता रहा। हजारों की लोग शहीद हुए। बस्तियां उजाड़ दी गयी, जला कर राख में तब्दील कर दिया गया, भोगनाडीह नहीं बचा। धीरे-धीरे विद्रोह को कुचल डाला।

किसी ने भी आत्मसमर्पण नहीं किया। इस क्रांति में 30,000 से अधिक लोग शहीद हुए, हजारों क्रांतिकारी को बंदी बनाकर जेल में डाल, लंबी सजाएं दिया गया। इस विद्रोह में चारों भाई-सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, पिता चुनू मुर्मू, और दोनों बहनों - फूलो और झानो शहीद हो हुए। ब्रिटिश शासन ने विद्रोह का बर्बरता से दमन किया। विद्रोह से पहले संथालों के इलाके को दामन-ए-कोह कहा जाता था। विद्रोह को कुचलने के बाद इस इलाके को ब्रिटिश शासन ने नया जिला संथाल परगना बनाया। साहूकारों और महाजनों के शोषण से उनकी जमीन की सुरक्षा के लिए संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम के तहत गैर-आदिवासियों द्वारा आदिवासियों की जमीन खरीद-बिक्री पर पाबंदी लगा दी। हूल विद्रोह के कारण ही संथाल परगना जिला और संथाल काश्तकारी अधिनियम बना। अंग्रेजों के जुल्म के विरुद्ध अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को हर वर्ष 30 जून को हूल दिवस के रूप में याद करते हैं।

**शहीदों के मजारों पर लगेंगे**
**हर बरस मेले।**
**वतन पे मरने वालों की यही**
**बाकी निशां होगा।।**




## कोल्हान की खबरें

# लगातार बारिश के बीच मां तेतुला घोरा की पूजा में उमड़े हजारों श्रद्धालु, सुख-समृद्धि की मांगी दुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत भिलाई पहाड़ी निवासी पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता के नेतृत में सैकड़ो वर्सो से पूवजो के बताये रास्ते पर मां तेतुला घोरा की भव्य पूजा का आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। रविवार को भारी बारिश के बीच पारंपरिक पूजा में झारखण्ड बंगाल उड़ीसा सहित प्रखंड के पांच पंचायतों से हजारों हजार महिला, पुरुष और बच्चे परिवार सहित शामिल हुए। श्रद्धालु गांव से लगभग चार किलोमीटर उंचाई स्थित मंदिर तक तीन पहाड़ पार कर पहुंचे और मां तेतुला घोरा के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। पहाड़ी मां के पूजा में जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठी।



श्रद्धा और विश्वास के झलक श्रद्धालु के बीच देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां की पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बली चढ़ाई। सभी ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए मां से आशीर्वाद मांगा। पहाड़ी मां की पूजा के दौरान जिला पार्षद पार्वती दत्ता और झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता के पूरी टीम ने हजारों श्रद्धालुओं के बीच मसालेदार चना,खीर,पूरी,सूजी का हलुआ और शरबत प्रसाद के तोर पर वितरण किया। मौके पर सभी समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया और मां के दरबार में अपनी अर्जी लगायी। मौके पर पहाड़ी मां के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठी। श्रद्धा और विश्वास का यह पर्व देर शाम तक चलता रहा। पूर्व जिला पार्षद पिंटू दत्ता ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से मां तेतुला घोरा की पूजा में सेवा भाव से शामिल होते आ रहे हैं। उन्होंने कहा हर वर्ष पांच झारखण्ड बंगाल और उड़ीसा से श्रद्धालु परिवार सहित पूजा में भाग लेते हैं। पूजा के दिन गांव में भव्य मेला का आयोजन होता है। दिनभर ग्रामीण हर तरह के खाने-पीने के स्टॉल का आनंद उठाते हैं। टेंट लगाकर हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करने से मन को शांति और मां का आशीर्वाद मिलता है। श्री दत्ता ने मां से पूरे क्षेत्र में सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। मां तेतुला घोरा पूजा में मुखिया शशि भूषण सिंह का भी विशेष योगदान रहा है।

# जनकल्याण मोर्चा ने सड़क मरम्मत करवाने और स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** जिला सिविल कोर्ट सरायकेला से अनुमंडल सिविल कोर्ट चांडिल जाने की सड़क अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। जर्जर एवं टूट फूट हालत होने के कारण सरायकेला से चांडिल अनुमंडल कोर्ट जाने में आम नागरिकों को कई सारे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में हजारों गड्ढे में पानी भरने से सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। विदित हो कि कांड्रा-सरायकेला सड़क जर्जर एवं कोलावीरा स्थित रेलवे टनल में लाइट नहीं रहने के कारण कई सारे राहगीर एवं स्थानीय नागरिक सड़क दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। सामाजिक संगठन जन कल्याण मोर्चा ने 6 अक्टूबर 2023 को सरायकेला



उपयुक्त को पत्र देकर समस्याओं से अवगत कराया था। तत्कालीन उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर जेआरडीसीएल के विरुद्ध आईपीसी की धारा 133 के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी सरायकेला के न्यायालय में केस संख्या 260 / 2023 चल रहा है जो अभी तक लंबित है, जब भी इस की शिकायत होती है तो सड़क पर थूक पुलिस कर तत्काल किसी तरह ठीक कर दिया जाता है।

# शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य के लिए झामुमो नेताओं ने की विशेष पूजा-अर्चना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के जनक सह पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से प्राथना की। रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक मंडली की ओर से साकची स्थित पुराने कोर्ट परिसर के कचहरी बाबा शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गयी। झामुमो नेताओ ने बताया गुरुजी पिछले कई दिनों से अस्वस्थ हैं और दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। नेताओं ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के पुरोधा रहे हैं। पूरे राज्य के लोग उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए भगवान से कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, झारखंड आंदोलनकारी अजय रजक, खुद्दू उरांव, अरुण प्रसाद, मोहम्मद सामड, हरदेव सिंह, मिंटू धर चौधरी, नंदलाल लोहार, संदीप चक्रवर्ती, चंदन लाल, चंदन महतो, पिंटू लाल और शेख सफरुद्दीन समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरायकेला में पारंपरिक रथ मेला का शुभारंभ



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला में पारंपरिक रथ मेला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधानसभा क्षेत्र के विधायक दशरथ गागराई, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव एवं झामुमो नेता गणेश महाली उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने मेले का उद्घाटन फिता काट कर किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक दशरथ गगराई ने कहा कि कला संस्कृति की संरक्षण करना सरकार का दायित्व है, सरकार अपना दायित्व निभा रही है इसमें आम लोग अपनी सहभागिता दें। उन्होंने कहा कि मेला को संरक्षण देने एवं सफल बनाने में श्री जगन्नाथ मेला समिति द्वारा बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसके संचालक एवं समिति के सदस्यों को धन्यवाद। कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ मेला कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, छोटेलाल साहू, गोविंद साहू, मनोज, सुदीप, विकास चौधरी एवं अन्य उपस्थित रहे। यह मेला 10 जुलाई तक रहेगी। इस दौरान विभिन्न प्रकार के झूले एवं मीना बाजार लगा रहेगा।

# स्पंज आयरन प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध




आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** चांडिल प्रखंड के पालगम स्थित प्रथामिक विद्यालय परिसर में पालगम धुनाबुरु में स्पंज आयरन कंपनी खोलने को लेकर पर्यावरण स्वीकृति को लेकर जनसुनवाई का आयोजन किया था, जिसमें ग्रामीण शामिल नहीं हुए। धुनाबुरु पंचायत के ग्रामीणों ने पालगम मोड़ पर ही आयरन स्पंज कंपनी खोलने के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जनसुनवाई में ग्रामीण उपस्थित नहीं होने पर कार्यक्रम स्थगित किया गया। पालगम धुनाबुरु में स्पंज आयरन कंपनी खोलने को लेकर धुनाबुरु पंचायत के ग्रामीण नाराज है। जनसुनवाई में ग्रामीण शामिल नहीं हुए।ग्रामीणों ने बताया कि पालगम धुनाबुरु स्थित बंद पड़े डिजाईन विद्युत लिमिटेड में स्पंज आयरन कंपनी खोलने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया था,जिसका धुनाबुरु पंचायत के पालगम, छतरडीह, धुनाबुरु, सोनालटांड़, रायडीह, बालीडीह, तुलग्राम, बानसा आदि गांवों के लोगों ने जोरदार विरोध किया। जिसमें गांव के बीचो बीच स्पंज आयरन कंपनी खोलने जा रहा है,इसके चारो तरफ गांव है। जनसंख्या लगभग 5 हजार से अधिक होगा। कंपनी खोलने से इस क्षेत्र में खेती-बाड़ी का असर पड़ेगा। स्पंज आयरन कंपनी खोलने से यहां जमीन पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा।

# सरायकेला पुलिस ने जंगली पहाड़ी क्षेत्र मे चलाया सर्च अभियान, गोली-बारूद बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला पुलिस ने नक्सली अभियान के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है बीते 28 जून को गुप्त सूचना के आधार पर नक्सली संगठन के उग्रवादियों द्वारा खरसावां थाना अंतर्गत ग्राम राजियामा स्थित गोबरटोला पहाड़ी क्षेत्र में गोला बारूद छुपा कर सुरक्षा बलों के विरुद्ध उनका अभियान रोकने तथा लक्षित कर हानि पहुंचाने के उद्देश्य से रखा गया था। जहां पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर खरसावां थाना प्रभारी के नेतृत्व में खरसावां थाना सेट 1 के रिपु 60 बटालियन के साथ एक संयुक्त अभियान दल गठन कर खरसावां थाना क्षेत्र के गोबरटोला पहाड़ एवं उसके आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान संयुक्त अभियान दल द्वारा खरसावाँ थाना क्षेत्र के ग्राम रायजामा के गोबरगोटा पहाड़ पर गुफा में नक्सलियों द्वारा पूर्व में डम्प किये गये वाइट पाउडर एक्सपलोसिव 5 किलो ग्राम, 3 किलो ग्राम का केन आइइडॉ 5 पौस, 1 किग्रा केन आइइडी 14 पीस, 500 ग्रा केन आइइडी 9 पीस, 100 ग्रा केन आइइडी 1 पीस, कुल 29 पीस केन बम, कमर्शियल कोरडैक्स वायर 09 बंडल (प्रत्येक बंडल लगभग 100 मीटर लम्बा), इलेक्ट्रीक डेटोनेटर 500 पीस, नेप्योलीन गोली 01 कि0ग्रा0, इलेक्ट्रीक वायर सिरिंज 66 पीस बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के शिविर में 340 यूनिट रक्त संग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की ओर से सहयोगी संस्थाओं के साथ जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रविवार को शिविर का उद्घाटन सांसद विद्युत महतो ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी की अपील की।शिविर में पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 340 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस अवसर पर विकास गुप्ता, अनिल अग्रवाल, मुकेश मित्तल, विनीता शाह, सुनीता भगत, ऋषि गुप्ता समेत कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# छोटा तालसा में हूल दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम के गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड के छोटा तालसा गांव में हूल दिवस के मौके पर भारी बारिश के बीच 24 टीमों ने फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। सोरेन सिपाही टीम ने पहला, कला झरना ने दूसरा और सोपोडेरा क्लब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दुर्गा हेंब्रम बेस्ट खिलाड़ी और भूटका टुडू बेस्ट स्कोरर बने। मुख्य अतिथि मुखिया कान्हू मुर्मू समेत कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में सिद्धू-कान्हू मुर्मू की पूजा, सांस्कृतिक नृत्य और डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित कर हूल दिवस की ऐतिहासिक विरासत को याद किया गया।

'कॉफी विद एसडीएम' में मुहर्रम अखाड़ों के साथ हुई परिचर्चा, एसडीएम ने कहा

# डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

**मुहर्रम अखाड़ों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा : एसडीएम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार को सदर एसडीएम संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के विशेष सत्र का आयोजन किया गया। बैठक में मुहर्रम अखाड़ों, इंतजामियां कमेटियों के पदाधिकारी एवं सदस्य लोग शामिल हुए। यह संवादात्मक बैठक आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सद्भाव के माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित की गयी। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, अखाड़ा कमेटियों के पदाधिकारी, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटियों के सदस्य उपस्थित थे।

**डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा :** संजय कुमार ने डीजे पर प्रतिबंध के न्यायालयी निर्णय के बारे में सभी को दोहराया एवं बताया कि डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में विधिक कार्रवाई की जायेगी।

इस पर मुखिया शरीफ अंसारी, संरक्षक सिराज खान, अंजुमन शान ए वतन वतन की अध्यक्ष तबीब आलम तबीब आदि ने एसडीएम के सुझाव का पूर्ण समर्थन किया और अंत में सभी सदस्यों ने एकजुटता के साथ डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की वकालत की। इसके अलावा जुलूस के रूट, ऊंचाई और समय से संबंधित सरकारी दिशानिर्देश आदि पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

मौके पर मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर असरुद्दीन खान, पूर्व सदर मासूम खान, महफूज कुरैशी, तनवीर आलम, मोहम्मद अतहर, इस्तेखार अंसारी, अलीजमा अंसारी, शाहबाज खान, नीलू खान, वाहिद अंसारी, वसीम खान, एजाज अंसारी, फुजैल अहमद आदि ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा दाता कमेटी के अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने भी प्रस्तावित उर्स को लेकर कई सुझाव दिए जिन पर आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया को सावधानी से प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में नियंत्रण कक्ष या साइबर सेल की सहायता ली जा सकती है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा :** एसडीओ एवं एसडीपीओ ने आयोजन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक संचालन, विधि व्यवस्था आदि सुदृढ़ रखने का भरोसा दिलाया। आयोजकों से भी अपील की गयी की यदि संभव हो तो वे ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी की मदद से स्वयं भी निगरानी रखें। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने भीड़ भाड़े वाले आयोजनों में अपने स्तर से भी अग्निशमन यंत्रों को रखने का सुझाव दिया।

**हर तरह के प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन :** एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि सदस्यों की ओर से आये सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आयोजन समितियां मिलकर एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण पर्व का आयोजन सुनिश्चित करेंगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया और यह संदेश दिया गया कि मुहर्रम एक धार्मिक पर्व है जिसे परंपरा, श्रद्धा और अनुशासन के साथ पूरे सद्भाव के माहौल में मनायेंगे।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत



मृतक आकाश कुमार राम का फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ऊंचरी निवासी उदय राम के 18 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार राम की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आकाश कुमार को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।वहीं स्थानीय प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा दिया है। घटना की सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहीं।

## टेंपो की आपस में टक्कर, एक की मौत, तीन घायल



मृत बच्चे को लिए मां।

**रंका।** रंका के बादू बाजार की ओर से खुथुआ मोड़ रंका की ओर आ रही एक टेंपो को दुसरे ऑटो को ओवरटेक करने में टक्कर हो गयी, इससे एक टेंपो सड़क के किनारे पलट गयी। जिससे चुतरू पंचायत निवासी दिनेश भुईयां के एक साल का पुत्र की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में नुरशाद अंसारी (35 वर्ष) पिता वली अंसारी, कइल मांझी 60 वर्ष एवं वतबुदारी देवी 65 वर्ष का नाम शामिल है। इन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस घटना में कांग्रेस नेता मेराज अंसारी ने घायलों की सहयोग में सराहनीय भूमिका निभायी।

# भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**आंखों में नये सपने और दिलों में आत्मनिर्भरता का हौसला है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थकों ने 29 जून को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित किया जानेवाला मन की बात को तन्मयता के साथ सुनी। साथ ही विकासशील भारत में लोगों की आत्मनिर्भरता से संबंधित विभिन्न पहलुओं से प्रेरणा ली। साथ ही इसे घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शहर के चिनिया रोड स्थित आरपी नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने की व्यवस्था की गयी थी। भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी सहित भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और अन्य लोगों ने आरपी कॉलेज के सभागार में मन की बात सुनने के लिए एकत्र हुए थे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण प्रेरणादायक हैं। शारीरिक, मानसिक विकास के साथ देश के आर्थिक विकास के संबंध में दिये गये भाषण को हम सभी को सुनना चाहिए। साथ ही लोगों को दृढ़ निश्चय शक्ति के साथ संकल्पित होकर अपने जीवन की दशा में यथोचित सुधार के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। आंखों में नये सपने और दिलों में आत्मनिर्भरता का भाव उत्पन्न करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के नागरिकों से प्रत्येक माह सीधा संवाद करते हैं।

पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे देश भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। हमारे देश के लिए यह बहुत ही खुशी की बात है। बोडोलैंड में 3700 से ज्यादा टीम, 70 हजार खिलाड़ी, इनमें बड़ी संख्या में लड़कियों की भागीदारी, स्पोर्ट मैप में बोडोलैंड की चमक, भारत के बिस्किट की विदेशों में मांग सहित विभिन्न प्रकार की नयी जानकारी हमें पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने से मिलती है।

भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने की व्यवस्था की जाती है । उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से पीएम के इस कार्यक्रम को सुनकर स्वयं और अपने जिला, राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की। डॉक्टर केशरी ने कहा कि मन की बात से आपसी प्रेम, भाईचारा और मन शुद्धि के लिए अपने राज्य अथवा देश के तीर्थ स्थलों की आध्यात्मिक यात्रा, मेघालय की एरि सिल्क जो सर्दी में गरम और गर्मी में ठंडक देता है सहित कई उपयोगी जानकारी मिलती है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष के अलावा जिला कार्यालय मंत्री विनय चंद्रवंशी, ब्रजेंद्र पाठक, जितेंद्र, चंद्रमोहन, उमेश कश्यप, विनोद चंद्रवंशी, अब्दुल मन्नान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए मजार पर की गयी चादरपोशी, मांगी दुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** झारखंड के महानायक पूर्व मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ हेतु झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में रविवार को हजरत बाबा तक्कूशाह दाता रहमतुल्लाह अलैहे के मजार पर चादरपोशी किया गया और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने के लिए दुआ मांगी गयी। इस मौके पर रौशन पाठक, अहमद अली अंसारी, कार्तिक पांडेय, मो सलिम, परवेज, अलिम, मुमताज, आफताब, शाह मोहम्मद, तबरेज, हैदर, सद्दाम, आक्किमुद्दीन, अबरार सहित अंजुमन कमेटी और झामुमो कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

## दिशोम गुरु के स्वास्थ्य लाभ के लिए गिरजाघर में मिस्सा पूजा का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले महानायक पूर्व मुख्यमंत्री राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के अगुआई में रविवार को विश्रामपुर गिरजाघर में फादर नोबर्ट और श्रील कुजूर के द्वारा विशेष मिसा पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें दिशोम गुरु शिबू सोरेन के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रभू ईशू मसिह से दुआ मांगी गयी। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के ज्योति लकड़ा, जगदीश टोप्पो, त्योफिल लकड़ा, नौशाद राय, मंजर अंसारी, धीरज कुमार, सुशील एक्का, अमृता मिंज, शेलिन एक्का, दिलीप मिंज, सुदेश्वर कुजूर, कृपा सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, चार घायल

मेराल (आजाद सिपाही)। डंडई मुख्य पथ पर हारादाग मोड़ के पास रविवार की शाम करीब 7 बजे दो बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार घटना में हारादाग कला गांव निवासी मानदेव चौधरी का 27 वर्षीय पुत्र विकास चौधरी तथा रेजो गांव के दुनुखाड निवासी रोशन चौधरी पिता आशीष चौधरी 17 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि रामचंद्र चौधरी एवं आशीष चौधरी गंभीर रूप से घायल होगा जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल लाया गया, जहां डॉ मृंगकेश मृदुल ने मृत घोषित कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार रोशन चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि आशीष चौधरी पिता विनय चौधरी एवं नीरज चौधरी तथा हीरामन चौधरी को भी गंभीर चोट लगी है। हीरामन चौधरी मसरा गांव का रहने वाला है वह अपने मामा के घर आया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन

भंडरिया (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में लगातार एक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रखंड अंतर्गत भंडरिया के सभी पंचायतों में कोरवा परहिया किसानों के साथ-साथ अन्य किसानों के हित में धान बीज मक्का मडुआ अरहर का बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह जनेवा पंचायत के मुखिया प्रवनता देबी के द्वारा कुल तीन से चार सौ किसानों के बीच प्रति किसान को तीन से चार किलोग्राम उन्नत किस्म का धान बीज वितरित किया गया। कृषि विभाग के बीटीएम शशिकांत शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए तत्पर है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उन्नत तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करें। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की सासंद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, कांग्रेस नेता निर्मल ठाकुर उपमुखिया रविंद्र सिंह, झामुमो नेता रविशंकर कश्यप, किसान मित्र अवधेश उपाध्याय, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर सगमा और धुरकी प्रखंड के सभी समुदाय के प्रबुद्धजनों और पंचायत के मुखिया, जनप्रतिनिधी एवं ताजिया अखाड़ा रखने वाले लाइसेंस धारियों के साथ रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दोनों प्रखंड के सीओ जुल्फिकार अंसारी पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल थे। इस बैठक अंचल अधिकारी ने कहा की मुहर्रम सहादत के तौर पर मनाया जाता है, वहीं इस दौरान पुलिस प्रशासन भी सुरक्षाबलों के साथ तैनात रहता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जो गाइडलाइंस तय किया है उसी मुताबिक शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का जुलुस निकालें। इस दौरान कांग्रेस नेता मोबीन अंसारी, भाजपा नेता दामोदर जायसवाल, सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, सगुनी राम विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण यादव, बीडीसी प्रतिनिधी कमलेश सिंह गोड़, झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष शैलेश यादव, कुदुस अंसारी, रामभरोसा राम, इश्हाक, हाजी सदर जानमोहम्मद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सोहगड़ा गांव में घर के अंदर गड़ा 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल, दुर्घटना की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के रानाडीह पंचायत अंतर्गत सोहगड़ा गांव में एक खतरनाक स्थिति सामने आयी है, जहां एक ग्रामीण के घर और आंगन के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज तार गुजर रहा है। यह तार एक बिजली के पोल के सहारे घर के अंदर से ही होकर जाता है, जिससे हमेशा किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मामला गांव निवासी मुंद्रिका राम के घर का है। उनके अनुसार, यह बिजली पोल लगभग 40 वर्ष पूर्व विभाग द्वारा गाड़ा गया था, जो अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हाई वोल्टेज तार भी काफी नीचे झुक गया है। मुंद्रिका राम ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को उन्होंने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को लिखित आवेदन देकर पोल हटाने की गुहार लगायी थी। लेकिन 18 महीनों के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि बिजली के तार कई बार टूटकर गिर चुके हैं, लेकिन सौभाग्यवश अब तक किसी की जान नहीं गयी। बावजूद इसके विभागीय लापरवाही जारी है। उन्होंने रांची स्थित बिजली विभाग के हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि प्रावधान के अनुसार 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल और तार आबादी क्षेत्र से दूर होना चाहिए, लेकिन सोहगड़ा गांव में यह कई घरों के ऊपर से गुजर रहा है। यही स्थिति प्रखंड के अन्य गांवों और टोलों में भी देखने को मिल रही है।

# बारिश में खपरैल का कच्चा मकान ध्वस्त

**पीड़ित परिवार संग तिरपाल के सहारे रात गुजारने को विवश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के ढ़ेकुलिया में बारिश में गरीब अजीत ठाकुर का खपरैल का कच्चा मकान का खपड़ा बांस टूट कर गिर गया। मकान गिरने से घर में रखा हुआ राशन और अन्य सामान मलबे के नीचे दब गया। फिलहाल वह घर के आंगन में प्लास्टिक का तिरपाल बनाकर उसके नीचे पत्नी और छोटे छोटे बच्चों के साथ रात गुजारने को विवश है। दो कमरों के कच्चे मकान में अजीत ठाकुर अपने पूरे परिवार के साथ रह रहा था, जो बारिश के कारण एक कमरा तो पूरी तरह जर्जर हो गया है। इसमें सोना बैठना तो दूर अंदर घुसना खतरे से खाली नहीं है। वहीं दूसरा कमरा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मालूम हो कि मजदूरी करने वाले अजीत किसी तरह दो जून की रोटी व्यवस्था कर पाता है। घर क्षतिग्रस्त होने से पूरे परिवार बरसात में बेघर हो गया है। अब अजीत को चिंता सताने लगा है, कि उसकी इतनी आमदनी नहीं है, कि वह अपने परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बना सके। उसने बताया कि गरीबों के लिए राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की सूची में उसकी पत्नी रेखा देवी का नाम अंकित है, लेकिन किसी कारणवश उसे आज तक अबुआ आवास नहीं मिल पाया है। इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद उसे हर संभव मदद किया जायेगा।

# हाइ स्कूल और इंटर के टॉपरों को किया गया सम्मानित



**मुखिया द्वारा प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दीवाल घड़ी तथा नगद राशि देकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** ज्ञान गंगा शिक्षण संस्थान हासनदाग में आयोजित सम्मान समारोह में मुखिया फुलमंती देवी द्वारा जैक बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायत के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दीवाल घड़ी तथा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में गढ़वा जिला इंटर कॉमर्स में 83% अंक लाकर जिला सेकेंड टॉपर रोहित कुमार चौधरी, मैट्रिक परीक्षा में 342 अंक लाने वाली रंजीत चौधरी तथा पूजा कुमारी, रिमझिम कुमारी, अरुण चौधरी, राकेश कुमार, प्रियांशु कुमार सहित 20 छात्र-छात्राओं को मुखिया फुलमंती देवी पति हरेंद्र चौधरी के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक शिवदत्त चौधरी, उपेंद्र चौबे, कमलेश चौधरी, संतोष चौधरी आदि द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी ने कहा कि मुखिया फुलमंती देवी द्वारा पंचायत के छात्र-छात्राओं को मैट्रिक तथा इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह से छात्र-छात्राओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिस्पर्धा होती है। उन्होंने कहा कि मुखिया फुलमंती देवी द्वारा वैसे छात्र-छात्राएं जो आर्थिक रूप से कमजोर है उन्हें जरूरत पड़ने पर यथा संभव मदद किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवदत्त चौधरी, संतोष चौधरी, अभिनव चौबे आदि ने अहम भूमिका निभाया।

## कांडी में मेधावी छात्रों के सम्मान में 'उत्कृष्टता का उत्सव', एक जुलाई को होगा आयोजन



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में आगामी 1 जुलाई (मंगलवार) को मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। संस्था के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने बताया कि यह समारोह 'उत्कृष्टता का उत्सव झ्र प्रगति की ओर कदम' के नाम से आयोजित होगा। यह कार्यक्रम जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू रेंज के आईजी सुनील भास्कर उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा, तथा ऑक्सब्रिज स्टार इंस्टिट्यूट, मेदिनीनगर के निदेशक एवं शिक्षक राहुल चतुर्वेदी मौजूद रहेंगे। संस्था की ओर से क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर मेधावी छात्रों का उत्साहवर्धन करने की अपील की गयी है।

# झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष बने विकास रंजन, हर्ष का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सेल से सेवानिवृत कर्मी वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र सीए विकास रंजन सहाय को आईसीसी वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति, झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बताते दें कि सीए विकास रंजन सहाय भवनाथपुर स्थित माइंस हाई स्कूल से दसवीं की पढ़ाई की थी। इंटर सेल डीएवी स्कूल भवनाथपुर से पूरा किया। इसके बाद ग्रेजुएशन की पढ़ाई इग्नू से पूरा किया। सीए पटना से किया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (आईसीसी) झारखंड राज्य परिषद ने यह घोषणा की है, कि सीए विकास रंजन सहाय को वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समय पर की गयी है, जब झारखंड में नयी सरकार बनी है और राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास को गति देने की योजना बनाई जा रही है। वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति राज्य की वृद्धि क्षमता को अनलॉक करने वाले वित्तीय सुधारों, पारदर्शी कराधान, और उद्यम-हितैषी नीतियों के माध्यम से नेतृत्व प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। आईसीसी झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष डॉ अमृतांशु प्रसाद हैं, जो उद्योग के एक अनुभवी व्यक्ति हैं, और दशकों का अनुभव रखते हैं। उनके नेतृत्व में परिषद राज्य भर में आर्थिक परिवर्तन, औद्योगिक प्रगति, और निवेश सुविधा पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी। विकास रंजन सहाय को अध्यक्ष बनाये जाने पर डीएवी प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, सेल से सेवानिवृत शिक्षक आरएन द्विवेदी, आर एन त्रिपाठी,रमेश तिवारी, मुकेश शुक्ला, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, गणेश सिंह सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## खूंटी मारंगहादा में ग्राम प्रधान और भाजपा नेता बलराम मुंडा की हत्या का मामला

# 10 संदिग्ध हिरासत में, छापामारी जारी : एसपी

**डकैती के क्रम में हुई बलराम मुंडा की हत्या : एसडीपीओ**

**पुलिस ने चार पिस्टल और 15 गोलियां समेत धारदार हथियार भी बरामद किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मारंगहादा थाना क्षेत्र के लांदुप पंचायत अंतर्गत काड़ेतुबिद में शनिवार की रात ग्यारह बजे ग्रामप्रधान सह भाजपा नेता सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य बलराम मुंडा की हत्या डकैती के क्रम में हुई है। इस बात की पुष्टि एसडीपीओ वरुण रजक ने की है, लेकिन डकैती अफीम या रुपये लूटने को लेकर की गयी, इसकी जांच पुलिस कर रही है। हत्या की घटना को अंजाम देने के क्रम में डकैतों ने घर में धान के बोरियों को काटा डाला, बक्सा तोड़ डाला और हर संभावित स्थानों से अफीम या रुपये खोजने की कोशिश की और घर के सारे सामानों को तहस-नहस कर डाला। सुबह घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा था। गांव के लोग डरे सहमें थे।

ग्रामीणों के अनुसार बलराम मुंडा की बहन को डकैतों ने एक कमरे में बंद कर दिया था और बहनोई डरकर भाग गया था। वहीं मृतक की बूढ़ी मां का गला दबाने की कोशिश भी डकैतों ने की। बताया गया कि डकैत के घर के सारे दरवाजे बंद कर पीछे के रास्ते घर में प्रवेश कर गये थे। गांव की महिलाओं ने कहा कि घर के बाहर चार लोग थे, जो घर को चारों ओर से घेरे हुए थे। जबकि अंदर आठ से दस लोग होंगे। इनमें एक निजी स्कूल के शिक्षक के भी शामिल होने की बात सामने आ रही है। पूरे क्षेत्र में यह चर्चा है कि डकैतों ने शनिवार को ही मारंगहादा साप्ताहिक हाट में ही एक साथ शराब पीने के बाद डकैती की योजना बनायी थी। डकैतों को शक था कि ग्रामप्रधान की सूचना पर ही पुलिस ने गांव के अफीम खेत नष्ट किये थे। इस साल पुलिस की कार्रवाई में कई लोगों की फसलें बर्बाद हुई थीं।

पुलिस दस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पांच संदिग्धों को खूंटी के मोहनाटोली से पकड़ा गया है। इनके पास से पुलिस ने चार पिस्टल और 15 गोलियां समेत धारदार हथियार भी बरामद किया है। पुलिस हिरासत में लिये गये दस लोगों को हिरासत में लेकर उनसे गहन पूछताछ कर रही है। काड़ेतुबिद गांव के ग्रामप्रधान बलराम मुंडा की हत्या के बाद क्षेत्र के अन्य गांवों के ग्रामप्रधान भी डरे हुए हैं।

पूरे इलाके में चर्चा है कि बलराम मुंडा की हत्या के पीछे का कारण कहीं ना कहीं अफीम से जुड़ा है। ऐसे में अन्य गांवों के ग्रामप्रधानों को यह डर सता रहा है कि पुलिस हमेशा अफीम के मुद्दे पर ग्रामप्रधानों के साथ बैठक करती रही है। इस वर्ष सरकार के निदेश पर पुलिस ने अफीम के खिलाफ जबरदस्त अभियान चलाया। अधिकांश अफीम नष्ट कर दिए गए। एक सौ से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कुछ लोगों को अब भी नोटिस भेजे जा रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद निहत्थे और बिना किसी सुरक्षा के गांवों में रहने वाले ग्रामप्रधान अब भय के साये में आ गये हैं। बता दें कि इससे पूर्व भी तीन से चार ग्रामप्रधानों की हत्या खूंटी जिले में हो चुकी है।


## भाजपा नेताओं ने हत्यारों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** खूंटी के भाजपा नेता सह ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की हत्या व भांजा आचु मुंडा पर जानलेवा हमला मारागहादा थाना क्षेत्र के कोईतुबिद गांव में हुई, जिसकी निंदा आलोक दास भाजपा मंडल अध्यक्ष बुंडूः भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रंजीत लहरी युवा मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विवेक आनंद पूर्व जिला मंत्री गणेश कुम्हार मंडल उपाध्यक्ष दीपक साहू मंडल महामंत्री सुबोध मुखर्जी मंडल संयोजक अरुण पाल पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश उरांव जिला सोशल मीडिया प्रभारी भास्कर मुखर्जी बूथ संयोजक कृष्ण मुंडा मंडल उपाध्यक्ष रेखा देवी मुकुंद महतो शिवप्रसाद प्रजापति मंडल सोशल मीडिया प्रभारी कैलाश हवाई विश्वजीत दे समर चंद्र दास मंडल महामंत्री पवन जायसवाल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गुप्तेश्वर भगत महामंत्री जीतू कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र महतो, बंटी चौधरी, मुकेश जैन, पंकज चौधरी, नवीन जायसवाल, अमित मुंडा, मोहित मिश्रा, महिला मोर्चा महामंत्री किरण देवी, लक्ष्मी देवी, नीलू चैल, आर्ग बीद सुमन महतो मधु कुमार प्रकाश कुमार सूरज गोराई : ग्रामीण महामंत्री राजीव सिंह मुंडा ने निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने जतायी संवेदना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बलराम मुंडा ग्रामीण मंडल खूंटी के विभिन्न पदों पर अपनी दायित्व निभा चुके थे। वर्तमान में ग्रामीण मंडल में मंत्री पद के दायित्व में थे। उनके निधन पर खूंटी जिला भाजपा ने गहरी संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया, जगन्नाथ मुंडा,




भागीरथ राय, जिला महामंत्री संजय साहू निखिल कन्डूलना, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, मंजु देवी, संजय नाग, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मिडिया प्रभारी अनुप साहू, सह प्रभारी महावीर राम जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, मंडल अध्यक्ष क्रमशः मदन मोहन गोप, अर्जुन पहान, पुरेंद्र मांझी, कलिंदर राम, विजय राम, सीताराम नाग, परशुराम दास, जिला मोर्चा अध्यक्ष क्रमशः श्याम सोनी, रोहित साहू, योगेंद्र नायक, सीमा देवी, संजय मुंडा, संतोष त्रिपाठी, कार्यालय मंत्री राजेश महतो, किशनचंद कश्यप शामिल हैं।

## वनजीव बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य बने सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया नवगठित वनजीव बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य बनाये गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समिति के अध्यक्ष है। मनिका के विधायकं सह सभापति रामचंद्र सिंह के अलावा विधायक लूईस मरांडी को समिति का सदस्य बनाया गया है। सुदीप गुड़िया को समिति का सदस्य बनाये जाने पर कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## हादसे को आमंत्रण दे रहा झूलता बिजली का तार




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में बिजली का खंभा नीचे झुक गया है। खंभा झुक जाने से बिजली तार के चपेट में आने से मवेशी और आम जन कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग द्वारा करीब 6 महिने पहले अलग से खंभा गाड़ा गया है, लेकिन आज तक नये खंभा पर बिजली तार नही लगाया गया है। टुटा हुआ और झुका हुआ खंभा पर ही बिजली तार नीचे लटका हुआ है, जिससे बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली कमीर्यों को कई बार नया खंभा पर बिजली तार लगाने को कहा गया है, लेकिन बिजली कर्मी इस ओर ध्यान ही नही देते हैं। बताया गया कि अगर बिजली खंभा आंधी तुफान से निचे गिर जाएगा तो ओर दो चार खंभा भी गिर कर टुट सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि क्या बिजली विभाग कोई अनहोनी होने का इंतजार कर रहे हैं।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करेगा मोर्चा: बिगन भोगता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन किया है। श्री भोगता ने कहा कि 9 जुलाई को संयुक्त मोर्चा के द्वारा राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल की घोषणा की है। जिसका रैयत विस्थापित मोर्चा समर्थन करता है। श्री भोगता ने कहा कि आज कोल इंडिया में जिस तरह से सभी रैयत विस्थापित मजदूरों का शोषण करने के लिए श्रम संगठन के अधिकारों को छीनने का प्रयास केंद्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है, सबसे ज्यादा नुकसान आज यहां के मूल रैयतों को होगा, जिसने इस देश की ऊर्जा बढ़ाने के लिए और देश के विकाश के लिए अपनी जमीन कोयला खनन के लिए दिया है। आज यहां के बहुत सारे रैयतों को क्वाटर, पदोन्नति, मुआवजा या अन्य सुविधा नहीं मिला है। आज केंद्र सरकार कोल इंडिया को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर ली है। जल जंगल जमीन और अपने अधिकार के सम्मान के लिए सभी आदिवासी रैयतों को कमर कस के तैयार रहना होगा ।

## आजसू पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता का निधन, शोक



विनय की फाइल फोटो।

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल पुरुलिया के तुलिन निवासी आजसू पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता 51 वर्षीय विनय गोस्वामी का रविवार को रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। उनके निधन की खबर फैलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। वे आजसू पार्टी के ब्लॉक सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही वे मानभूम उन्नयन सोसाइटी के बोर्ड सदस्य और भूमि संरक्षण को लेकर सक्रिय रूप से काम कर रहे 'माठ बचाओ कमेटी' के भी अहम सदस्य थे। जानकारी के मुताबिक वे पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ चल रहे थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। उनके निधन पर आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, अजय महतो, गणेश महतो, राजेश महतो, कार्तिक महतो, क्षेत्र एवं राज्य स्तरीय नेताओं सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## कर्रा के कैंची मोड से दस वर्षीय बच्चा लापता तलाश में जुटी पुलिस



फाइल फोटो पंकज महतो।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ के रहने वाला दस वर्ष का बच्चा पंकज महतो शनिवार की शाम से लापता है। 30 घंटे के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके कारण उसकें मात-पिता और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पंकज कर्रा प्रखंड के निधिया गांव निवासी रामनरेश महतो का पुत्र है। रामनरेश कैंची मोड़ में घर बनाकर रहते हैं और फल की दुकान लगाते हैं। पंकज की गुमशुदगी की रिपोर्ट रामनरेश महतो ने जरियागढ़ थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। परिजनों के अनुसार, पंकज काफी होशियार बच्चा है। वह अपने और अपने माता-पिता का नाम फरार्टे से बोलता है। यहां तक कि उसे अपने पिता का मोबाइल नंबर भी याद है, इससे उम्मीद जतायी जा रही है कि वह किसी पहचान वाले तक पहुंच सकेगा। पंकज स्थानीय स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। लापता पंकज की कोई जानकारी मिलने पर पुलिस या उसके परिजनों को तत्काल सूचना देने की अपील की गयी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और बचरा हाइस्कूल में डस्टबिन का वितरण




वृक्षारोपण और डस्टबिन वितरण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्थानीय पिपरवार प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा हाई स्कूल और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीओसीएम पिपरवार में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत स्कूल के शिक्षक, बच्चे और स्थानीय सीसीएल अधिकारियों ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर दोनों स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे सहित स्थानीय सीसीएल अधिकारी भी मौजूद थे।

## झारखंड बिरसा मुंडा कप इंडियन राउंड सब जूनियर आर्चरी टूर्नामेंट

# ऐसे आयोजन से तीरंदाजी को मिलेगा बढ़ावा : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में झारखंड बिरसा मुंडा कप इंडियन राउंड सब जूनियर आर्चरी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पहली बार राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के तर्ज पर इंडियन राउंड का झारखंड बिरसा मुंडा कप आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीरंदाजी को बढ़ावा देने से न केवल खेल में भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि यह समुदायों में सकारात्मक सामाजिक प्रभाव भी डालेगा। वैसे तो भारत में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की जा रही हैं, जिनमें प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बेहतर बनाना, बुनियादी ढांचे का विकास करना। स्टेज 1 आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 200 से अधिक तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभाभागी में 8 बालक एवं 8 बालिका नगद पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुशील वर्मा, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी कोच प्रेम मरांडी (सरायकेला) कोच रोशन कुमार (खूंटी), कोच सुशांत कुमार (टाटा स्टील) कोच गंगाधर नाग (चाईबासा)कोच करण कर्मकार (बोकारो) कोच शिशिर महतो, रोहित कोइरी आदि उपस्थित हुए।

## श्रमदान कर युवकों ने की आठ सौ फीट लंबी नाली की सफाई

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सरना जागृती विकास मंच जरियागढ़ पाहन टोली के सदस्यों ने श्रमदान कर वर्षों से जाम नाली की सफाई की। जरियागढ़ में 800 मीटर लंबी नाली में कचरा और मिट्टी भर जाने से बरसात का पानी सड़कों बहने लगा था। गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा था अ ज्ञैर कई तरह की बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ रही थी। इसको देखते हुए सरना जागृति विकास मंच जरियागढ़ के संरक्षक भारतीय सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात नोका होरो और समाजसेवी हरेंद्र



लोहरा के नेतृत्व में मंच के सदस्यों ने नाली सफाई का अभियान चलाया। अभियान में राज आईंद, रामदयाल, रंजीत, गणेश, आशीष, पंकज, अनूप, पवन, विलसन, दीपक, विवेक, अनमोल, मुस्कान, नारायण आदि ने श्रमदान किया।

## खूंटी में दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उलगुलान के महानायक, धरती आबा बिरसा मुंडा के 125वें शहादत वर्ष के अवसर पर बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार से दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट बिरसा कॉलेज स्टेडियम में शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन राजेश कुमार चौधरी जिला खेल पदाधिकारी खूंटी, जुल्फिकर अली दादा (सेंट्रल कोलकाता गोस्टोपाल मेमोरियल स्पॉटिंग क्लब के मुख्य कोच), अभिषेक मिश्रा और खेल शिक्षक रियाज आलम ने संयुक्त् रूप से किया। पहले दिन 10 स्कूल की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सेमीफाइनल के लिए लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल खूंटी, यूजीसी $2 हाई स्कूल अनिगड़ा, एसडीआर सीनियर स्कूल, खूंटी, संट जोसफ हाई स्कूल तोरपा की टीम ने क्वालीफाई किया। सोमवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकागला होगा।

## विहिप, बजरंग दल समेत अन्य संगठनों की बैठक



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी तथा आरोग्य रक्षक बुंडू नगर की बैठक एक सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने आगामी कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी कार्यकर्ताओं को दी, जिसमें स्थापना दिवस पर प्रत्येक पंचायत में कार्यक्रम आयोजित करना, सेवा ही संगठन का लक्ष्य होना चाहिए सेवा के माध्यम से बुंडू नगर में पांच सौ वृक्ष लगाने पर सहमति जतायी गयी। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा सेवा प्रकल्प के संयोजक डॉ भोला लोहार, नगर मंत्री जय चेल, मातृशक्ति प्रमुख कूलोवती देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका रुचि देवी, आरोग्य रक्षक की बहनें तथ नगर के बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

## बुंडू नगर पंचायत स्थित ब्लॉक रोड काफी जर्जर




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर पंचायत स्थित ब्लॉक रोड इन दिनों काफी जर्जर हो गयी है। ब्लॉक मोड़ से लेकर सुभाष चौक तक रोड पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं। गड्ढे और उसमें जल जमाव से राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त रोड पर प्रखंड कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, विद्युत प्रमंडल एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी का कार्यालय भी है। इसके आलावे इस रोड पर बालिका उच्च विद्यालय एवं अनुसूचित जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय स्थित है।उक्त रोड पर विभिन्न सरकारी कार्यालय एवं विद्यालय होने के कारण हमेशा व्यस्त रहती है।

# रैयत विस्थापित मोर्चा ने आज से राजधर साइडिंग अनिश्चितकालीन के लिए बंद की


**पिपरवार जीएम ऑफिस में रैयत विस्थापित मोर्चा की सात सूत्री मांगों पर वार्ता हुई विफल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में रविवार को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच वार्ता हुई। अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आहुत इस वार्ता में राजधर साइडिंग के रैयत, विस्थापित, प्रभावित बेरोजगारों को रोजगार एवं संवैधानिक हक अधिकार देने सहित सात सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राजधर साईडिग मे सभी तरह के ट्रांसपोर्टिंग व लोडिंग का काम रैयत विस्थापित प्रभावित को देने, सैंपलिंग कार्य, मुंशी, सुपरवाइजर इत्यादि कार्यों में रैयत विस्थापित प्रभावित परिवार की बहाली करने, राजधर साइडिंग को प्रदूषण मुक्त करने, राजधर रेलवे फाटक से लेकर के सीएचपी/सीपीपी, सीआईएसएफ बैरक के निकट तक सड़क का पक्कीकरण करने, राजधर साइडिंग से विस्थापित हुए रैयतों के लंबित नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, भूखंड के बदले एक मुस्त भुगतान अविलंब करने, एक करोड़ तक की निविदा कार्य विस्थापित बेरोजगारों को देने सहित अन्य मांगे शामिल है। करीब 5 घंटे तक चली इस वार्ता में काफी विचार विमर्श के बावजूद कोई साकारात्मक पहल एवं समझौता नहीं होने के कारण वार्ता विफल हो गयी। वार्ता में कोई नतीजा नहीं निकलने के बाद मोर्चा के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार से राजधर साइडिंग को अनिश्चितकालीन के लिए बंद का आह्वान कर दिया है। मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में कोई नतीजा नहीं निकल सका, जिसके कारण मोर्चा के द्वारा राजधर साइडिंग को सोमवार से अनिश्चितकालीन के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मोर्चा के द्वारा राजधर साइनिंग बंद शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी विस्थापित ग्रामीण रैयतों से इसमें शामिल होने की अपील की है। वार्ता में मुख्य रूप से अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, सच्चिदानंद सिंह, आभाष त्रिपाठी, अरूण महतो के अलावा मोर्चा की ओर से इकबाल हुसैन, नीरज भोगता, रामचंद्र उंराव, हाजी आशिक अली, बिजय लाल, हाजी जसीम, हाजी प्रवेज, सरोज देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के अशोक परियोजना में खान सुरक्षा समिति की बैठक



कोयला खदान का निरीक्षण करते खान सुरक्षा समिति के सदस्य।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के पीट ऑफिस में खान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम बीते 18 जून को सीसीएल के करमा परियोजना खान दुर्घटना में माईनिंग सरदार और 19 जून को पूर्वी परेज परियोजना में ओवरमैन की खान दुर्घटना में मौत होने पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। बैठक में अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, खान प्रबंधक दिलीप कुमार आनंद, परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, एसडी राम, अरुण कुमार सिंह, दिलीप गोस्वामी, बिनोद कुमार, गणेश रविदास सहित कई सीसीएल अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## डकरा केंद्रीय अस्पताल में 6 को रक्तदान शिविर



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राजीव चटर्जी की अध्यक्षता में रविवार शाम को डकरा स्टेडियम में सिविल सोसायटी खलारी-डकरा की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 जुलाई को डकरा केंद्रीय अस्पताल में 26वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर वर्ष 2025 का पहला शिविर होग,I जिसमें 200 रक्तदाताओं को जोड़ने का निर्णय लिया गया। सोसाइटी से जुड़े लोगों ने बताया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ यह शिविर नियमित रूप से लगाया जाता है। फिलहाल रांची सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की कमी होने के कारण थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कमलेश प्रसाद,अवधेश राय, मुनेश्वर मुन्ना, विकास दुबे, संतोष सिंह, मुन्नू सिंह, बलवीर सिंह, अनुज चौहान, पंकज चौहान, डोमरचंद महतो,रामकुमार, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

# ओरमांझी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, ससुरालवालों पर हत्या का मामला दर्ज

## मायके वालों ने पति, सास, ससुर एवं ननद पर लगाया दहेज के लिए शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के आनंदी गांव में एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान संगीता देवी के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने ससुर गणपत साहू, पति सिद्धार्थ साहू के अलावा सास एवं ननद के खिलाफ शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और जगह देकर हत्या करने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के मुताबिक आनंदी गांव निवासी संगीता को शनिवार की शाम को घर में बकरी को पता खिलाने को लेकर ससुर गणपत साहू ने कथित रूप से गाली गलौज और सास विलासो देवी द्वारा मारपिट किया गया था। आरोप है कि इस प्रताड़ना से आहत होकर संगीता ना घर में रखे कीटनाशक खा ली थी। उसे अचेतावस्था में देख पति सिद्धार्थ साहू उसे इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सिद्धार्थ साहू ने इसकी सूचना संगीता के मायके वालों को दी। उधर, संगीता के पिता देवनंदन साहू ने बेटी के पति सिद्धार्थ साहू, ससुर गणपत साहू, सास विलासो देवी, ननद मुन्नकु देवी और सोनी देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसके बाद पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही प्राथमिकी के बाद पति सिद्धार्थ साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जबकि ससुर गणपत साहू फरार है। पता चला है कि संगीता अपने पीछे एक बेटी श्रेया कुमारी (10) और बेटा अनुज कुमार (7) को छोड़ गयी है, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, ओरमांझी पुलिस ने जिस कमरे में महिला रहती थी उसे सील कर दिया है। रविवार को ओरमांझी पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर कमरे की जांच करायी। इस दौरान मृतका संगीता देवी द्वारा लिखित सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। उधर, मृतका के पिता देवनंदन साहू द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में लिखा है कि 25 जून को बेटी ने फोन कर कहा था कि उसे ससुराल से ले जायें नहीं तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसी बीच शनिवार को बेटी के मरने की खबर भी आ गयी। मृतका के मायके वालों ने उससे ससुराल वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए सिद्धार्थ साहू और उसके परिवार के सदस्य संगीता देवी पर पैसे की मांग को लेकर मारपीट किया कर.ते थे। कई बार पंचायत भी की गयी, जिसकी प्रतिलिपि प्राथमिकी के साथ संलग्न की गई है। उसमें साल 2016 के बाद सिद्धार्थ साहू द्वारा अपने ससुर से 22 लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसे देने से ससुर ने मना कर दिया था।


मृतका संगीता देवी।

## व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, पत्नी ने लगाया जहर देकर हत्या करने का आरोप

**संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हापतबेड़ा गांव निवासी गोवर्धन मुंडा (32) की मौत सिल्ली थाना क्षेत्र के सोसो गांव में संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति की जहर देकर हत्या की गई है। घटना शनिवार की बतायी जा रही है। इधर, मृतक के परिजनों ने शव को अनगड़ा थाना पहुंचा दिया। बताया जा रहा कि गोवर्धन मुंडा शुक्रवार को सोसो स्थित एक परिचित की बेटी की शादी में गया था। शादी संपन्न होने के बाद शनिवार की सुबह वह अपने घर वापस लौटने की तैयारी में था। इसी बीच उसकी तबियत खराब होने लगी। इसलिए कुछ देर आराम करने के बाद घर के लिए निकलेंगें कहकर वह सो गया। सुबह करीब 10 बजे परिजन जब उसे जगाने गए तो वह मृत पाया गया। कुछ देर तक तो किसी को कुछ समझ नहीं आया। उधर, घटना की सूचना अनगड़ा पुलिस को दी गई। शाम में शव को अनगड़ा थाना लाया गया। गोवर्धन की अचानक हुई मौत को स्वजन पचा नहीं पा रहे है। इधर, मृतक की पत्नी तारणी देवी ने आरोप लगाया है कि जहर देकर गोवर्धन मुंडा की हत्या की गई है। कहा कि कुछ लोग मामले को रफा दफा करने का दबाव बना रहे थे।

# मन की बात में होती है देश की बात : जैलेंद्र



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अनगड़ा मंडल स्थित बूथ नंबर 142 में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इसका नेतृत्व भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह के अंतिम रविवार को रेडियो पर प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में देश के विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाती है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम वास्तव में देश की बात कार्यक्रम है। साथ ही समाज के छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाते रहे हैं। इससे देश के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ऐसे छिपे हुए प्रतिमा के कार्यों की जानकारी देश-विदेश को हो रही है। देश लगातार स्वालंबी हो रहा है। इस मौके पर सजीव कुमार, बिरसा उरांव, लालजीत महतो, झलुआ महतो, बसंती देवी, कैतरी देवी, सुशीला देवी आदि शामिल हुए।

# बारिश में ढह गया आशियाना परिवार सहित बेघर हुई महिला

**आरती कुजूर ने की राहत और आवास देने की मांग**

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड में लगातार हो रही मूसलधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। गांव-गांव में गरीबों के आशियाने तबाह हो रहे है। खिजरी प्रखंड अंतर्गत महली टोली की रहने वाली सोनी देवी का घर भी इसी बारिश की भेंट चढ़ गया। शनिवार की रात भारी बारिश के कारण उनका कच्चा मकान पूरी तरह से ढह गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर के सदस्य जाग चुके थे और नित्यकर्म के लिए बाहर थे। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सोनी देवी के अनुसार उनका परिवार बेहद गरीब है। पति दिव्यांग और दो भाईयों में छोटे है। एक कमरे में वे पति के साथ रहती थी, जबकि दूसरे कमरे में बड़े भाई रहते है। अब जब घर ही नहीं रहा, तो सोनी देवी को कभी भाई के कमरे में तो कभी पड़ोसियों के घर शरण लेनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि कई बार ग्रामसभा में आवास के लिए गुहार लगाई, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। उधर, घटना की सूचना मिलने पर रविवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती कुजूर मौके पर पहुंची। उन्होंने पीड़िता की हालत देख स्थानीय प्रशासन से अविलंब राहत पहुंचाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनी देवी और उनके परिवार को तुरंत भोजन और अस्थायी निवास की व्यवस्था दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्थायी आवास उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। आरती कुजूर ने यह भी बताया कि महली टोली क्षेत्र में कई और घर जर्जर अवस्था में है जो कभी भी गिर सकते है। इससे जान-माल की भारी क्षति हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र का सर्वे कर सभी जरूरतमंद परिवारों को सहायता देने की अपील की है।



# झारखंड बालक खो-खो टीम ने जीता कांस्य पदक




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड बालक सुपर स्पीड खो-खो की टीम ने नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय फेडरेशन कप प्रतियोगिता में रविवार को कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान बना दिया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 जून तक चला। सुपर स्पीड खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता मई दिल्ली के मां गंगा विद्यालय पालम प्रांगण में मैट पर आयोजित था। झारखंड बालक खो-खो टीम ने रविवार को संघर्षपूर्ण मैच में नई दिल्ली को 17-15 अंकों से पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। झारखण्ड टीम की ओर से कप्तान शिवम नायक, उपकप्तान सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव, शिवा कुमार, आकाश कुमार एवं रोहण कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। इस शानदार प्रदर्शन पर झारखंड टीम के चीफ डी मिशन सह झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार, झारखंड राज्य खो-खो संघ के अध्यक्ष अजय झा, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी, संयुक्त सचिव नीतेश कुमार साहु, संरक्षक सजल बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष भरत कुमार, वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव चन्द्र कान्त लाल, कुश साहु, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, दिव्या रानी सहित अन्य ने फेडरेशन कप में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर झारखंड टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# बेड़ो में बनी नये पानी की टंकी से सही तरीके से नहीं हो पा रही जलापूर्ति

## फटी और टूटी पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जल जीवन मिशन के तहत बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पेयजल आपूर्ति विभाग परिसर में पेयजलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग पश्चिमी रांची की ओर से सात करोड़रुपये की लागत से बनाई गई पेयजल सप्लाई टंकी ग्रामीणों के लिए शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। प्रखंड मुख्यालय के गुमला रोड, बाजार टांड़ एवं बस्ती सहित बारीडीह गांव के लोगों को नए टंकी से जल नहीं मिल रहा है। दर्जनों ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक उन्हें नया कनेक्शन भी नहीं मिला है। वहीं पुराने टंकी का स्टार्टर जल जाने के कारण बेड़ो में कई दिनों से पेयजलापूर्ति ठप पड़ी है। जिससे लगातार हो रही बारिश में बेड़ो के लोगों को पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। लेकिन विभाग के जिम्मेदार इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। लगातार पानी की किल्लत झेल रहे ग्रामीणों और बेड़ोवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं विभागीय लापरवाही के चलते नया बना टंकी बेकार साबित हो रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि सरकार की ओर से हर घर को नल से जल उपलब्ध कराए जाने की मंशा पूरा होने में तो अभी समय लग रहा है, लेकिन जनता की सुविधा के लिए बनवाई गई पेयजल सप्लाई टंकी से सुचारू रूप से जल सप्लाई व्यवस्था गांव के लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पा रही है। फटे टूटे पाइप लाइनों को बदला नहीं जा रहा। जब टंकी बन रही थी तो ग्रामीणों ने यह आस लगाई थी कि अब बेड़ो वासियों और गांववालों को नल से जल मिलेगा। लेकिन आधे अधूरे कनेक्शन और सरकार के विभागीय उदासीनता के चलते ग्रामीणों को सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जल विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पेयजल सप्लाई टंकी के नल से लोगों को जल सुविधा मुहैया करने के मांग की है। इधर, टंकी के संचालन की जिम्मेदारी पंप ऑपरेटर बुधवा उरांव की है, लेकिन उन्हें बीते कई वर्षों से मानदेय नहीं मिला है। इससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। बिना वेतन के काम कर रहे पंप ऑपरेटर भी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने हर घर जल पहुंचाने का वादा किया था, लेकिन हकीकत में बेड़ो सहित आसपास के गांवों में जल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों की मांग है कि नए पानी की टंकी को सुचारू रूप से चलाने पहले पुराने पानी टंकी की स्टार्टर की व्यवस्था की जाए। वहीं, फटे-टूटे नए पाइपलाइन को बदला जाए और नया कनेक्शन किया जाए, ताकि जलापूर्ति में कोई बाधा न आए।



# वज्रपात की चपेट में आकर तीन घायल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के साल्हन गांव स्थित स्वर्णरेखा नदी के पास रविवार की शाम खेत में काम कर रहे तीन लोग वज्रपात की चपेट में आकर घायल हो गए। उनकी पहचान मानकीडीपा टाटीसिलवे निवासी कपील महतो, उनका पुत्र सोहन महतो एवं तुरुप निवासी महादेव स्वांसी साल्हन के रूप में हुई है। वे लोग खेतों की कोड़ाई कर रहे थे। तभी वहां ठनका गिर गया।**

# निर्धन परिवार की बच्चियों के सामूहिक विवाह में मिलकर करें सहयोग: आदित्य साहू

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश शौंडिक (सुड़ी) समाज के तत्वाधान में प्रथम त्रैवार्षिक सम्मेलन सह तृतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन रिंग रोड स्थित रांची हवेली बैंकट हॉल में किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू शामिल हुए, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में निर्धन परिवार की बच्चियों का समाज की ओर से सामूहिक विवाह करने पर जोर दिया। वहीं, पूर्व विधायक अमित मंडल ने संगठन के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और समस्त झारखंड में ऐसे कार्यक्रमों को करने पर जोर दिया। संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक प्रसाद ने आए हुए समस्त लोगों का स्वागत किया। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष विनय लाल ने आजीवन सदस्य अधिक से अधिक जोड़ने एवं संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। संगठन के महासचिव अशोक प्रसाद ने समाज की ओर से किए गए समस्त कार्य का विवरण रखा और भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। सम्मेलन को योगेंद्र प्रसाद ने संचालित किया। जबकि बीडी प्रसाद, शेफाली गुप्ता आदि ने संबोधित किया। इसके बाद नयी कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें मुख्य संरक्षक अशोक प्रसाद, संरक्षक हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, अमित मंडल, बीडी प्रसाद, विनोद रंजन, अध्यक्ष डॉक्टर अशोक प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष विनय लाल, महासचिव सूबेदार मेजर योगेंद्र प्रसाद और उप महासचिव प्रदीप कुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे।




# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने ढोल बजाकर चिपकाया इश्तेहार



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रावडीह पुलिस ने रविवार को बेड़ो थाना क्षेत्र के हांदु गांव निवासी आरोपी नईम हुसैन के घर पर ढोल बजा कर घर के दरवाजे पर विधिवत इश्तियार चिपकाया। जिसकी अगुवाई पुलिस पदाधिकारी धनंजय सिंह ने की। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी नईम हुसैन के खिलाफ गुमला जिले के रायडीह थाना में कांड संख्या 32/2024 भादवि की धारा 414, 34 एवं 11 (सी)(डी) पशु क्रूरता अधिनियम और 12 (1) गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत एक नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# चंदन और आम का पौध लगा कर दिया हरियाली का संदेश

**इटकी (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कृष्णा महतो के नेतृत्व में रविवार को पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधा रोपन बाहरी तलाब स्थित अर्ध निर्मित सूर्य मंदिर के प्रांगण और मुक्ति धाम परिसर में किया गया। पौधों में आम के 25, बेल के तीन और दो चंदन के पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए बांस निर्मित गैबियन के साथ लगाया गया। कृष्णा महतो ने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ जीवन और वातावरण की नींव रखता है। मौके पर जन कल्याण सेवा समिति के गंगा महतो, बलदेव महतो और विकास सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# नामकुम में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर आयोजित

# 20 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल जज रवि कुमार भास्कर उपस्थित हुए। उन्होंने 'साथी अभियान' के तहत निराश्रित बच्चों की पहचान कर प्रशासन को सूचित करने का आह्वान किया और उपस्थित ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लगभग 20 करोड़ रुपए मूल्य की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से अबुआ आवास योजना के लाभुकों को कलश प्रदान कर गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, सर्जन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुधन विकास योजना के तहत सूअर एवं मुर्गी पालन, राशन कार्ड वितरण, चिकित्सा किट वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा नोटबुक वितरण तथा बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में कई विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। इनमें प्रमुख रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रभावती कुमारी, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र राम, चिकित्सक डॉ अरविंद, पशुपालन पदाधिकारी सुरेंद्र राम, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मरियम बानो, प्रखंड प्रधान सहायक अनिल कुमार, नाजीर विजय यादव, पीएलवी लता कुमारी, प्रहलाद सहित पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड एवं बाल विकास विभाग के कर्मी आजि उपस्थित थे।




# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं : नसीम अहमद

**ओरमांझी पंचायत सचिवालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों को समारोह आयोजित कर दी गयी विदाई**

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओरमांझी प्रखंड इकाई की ओर से हाल के दिनों में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के लिए रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत सचिवालय में किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अतिथि के रूप में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा एवं चकला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी ने कहा कि अब आप सभी सेवानिवृत हो गए हैं। ज्यादा से ज्यादा समय अपने परिवार, बाल-बच्चों के बीच बिताएं और सामाजिक कार्यों में भागीदारी देते रहें। वहीं, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि हर किसी की विदाई बेला भावुक पल है। आज आप चारों की विदाई हुई कल हम सभी होंगे। यह तो सरकारी व्यवस्था है। लेकिन शिक्षक सेवानिवृत्ति नहीं होते। सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए एक मजबूत समाज को संवारने में अपनी महती भूमिका निभाएं। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा, प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षिका उषा कुला, परवीण अख्तर, रामनरेश सिंह, शकील अहमद, प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, सचिव संतोष कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष पंचित बेदिया, कोषाध्यक्ष सहदेव कुमार, अवधेश प्रसाद, मो जमाल अंसारी अब्दुल रहमान अंसारी, जयप्रकाश कुमार, विनोद कुमार संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, सज्जाद हैदर, अशोक कुमार महतो, इंद्रजीत उरांव, मनीभूषण बाखला, दिलीप करमाली, ब्रजेश कुमार मिश्रा, जीतमोहन पाल अब्दुल, नीता टोप्पो, मंजुला कच्छप, राजकुमार सिंह, मो जमाल अंसारी, कमर रशीद, कुमारी संध्या रानी, आशा कुमारी, सुजाता कुमारी, सलोनी खाखा, संगीता टोप्पो आदि उपस्थित थे।



## जिलिंगसिरा में निरंतर बारिश से डायवर्सन टूटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के जिलिंगसिरा गांव में तेज बारिश के कारण ग्रामीणों द्वारा डायवर्सन बनाया गया था जो डायवर्सन टूट गया। जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह जोखिम भरा हो गया। उक्त गांव टापू में तब्दील हो गया ग्रामीण उक्त सड़क पार होने को लेकर काफी परेशान दिखे ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में उक्त गांव में सड़क और पुल निर्माण की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया था प्रखंड प्रशासन द्वारा पहल की गई और समझा बूझाकर चुनाव में मतदान करवाया गया और आश्वासन दिया गया था कि सड़क और पुल निर्माण का कार्य जल्द कराया जाएगा लेकिन कोई पहल नहीं दिखी। वही कल से हो रहे लगातार बारिश से ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर बनाये गये उक्त मिट्टी का डायवर्सन बह गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है खासकर बीमार और गर्भवती महिलाओं को ले जाने में काफी दिक्कत होगी। वही प्रखंड प्रशासन से जल्द सड़क और पुल निर्माण करने की मांग ग्रामीणों ने कही।

## नवविवाहिता की मौत, ससुराल वालों पर लगा हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता




थाने के बाहर लोगों की भीड़ और इंसेट में रिजवाना खातुन की फाइल फोटो।

**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते शनिवार रात सिसई बस्ती निवासी महिला रिजवाना खातुन (22) की मौत हो गयी। महिला के भाई रांची नगड़ी थाना निवासी रिजवान अंसारी ने अपनी बहन रिजवाना के पति शमशाद अंसारी, सौतन अफसाना परवीन, सास शायरा बानो, ससुर रहीम अंसारी व देवर अफसर अंसारी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में रविवार को आवेदन देकर सभी आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। आवेदन में रिजवान अंसारी द्वारा कहा गया है कि मेरी बहन रिजवाना खातून को प्रेम प्रसंग में घर से भगा लिया गया था एवं 6 नवंबर 2024 को लोंगा गांव के इमाम सैनुल अंसारी द्वारा सिसई बस्ती निवासी रहीम अंसारी के पुत्र शमशाद अंसारी से तीसरी पत्नी के रूप में निकाह कराया गया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही मेरी बहन को पति, सौतन, सास, ससुर और देवर द्वारा दहेज को लेकर हमेशा मार-पीट और प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज और नकद के लिए मेरे बहनोई शमशाद द्वारा अक्सर मेरी बहन से मार-पीट किया जाता था। अंत में परेशान होकर हमने अपने पुस्तैनी जमीन को बेचकर फरवरी 2025 में दो लाख रुपए नकद दिये। कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर पति और ससुराल वालों ने मार-पीट करना शुरू कर दिया। शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे मेरे बहन का देवर अफसर ने फोन कर सूचना दिया कि रिजवाना की मृत्यु हो गयी है। खबर मिलने पर रात में ही मैं बहन के ससुराल पहुंचा और देखा रिजवाना अचेत पड़ी हुई है। नजदीक जाकर देखा तो उसके सिर में गंभीर चोट और गला में रस्सी या अन्य चीजों से दबाने का निशान था। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी बहन की हत्या पति शमशाद अंसारी, सौतन अफसाना परवीन, ससुर रहीम अंसारी,सास शायरा बानो और देवर अफसर अंसारी सभी ने मिलकर किया है। मामले को लेकर समाचार लिखे जाने तक सिसई पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है वहीं पुलिस हर पहलुओं पर गहनता से छानबीन करने में जुटी हुई है।

## पुलिस ने करम टोली में शराब पीते आठ लड़कों को चेतावनी देकर छोड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर की पुलिस ने करम टोली में एक घर से आठ लोगों को शराब पीते पकड़ा। सभी लड़के स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि करम टोली में स्कूली छात्र प्रतिदिन शराब पीने के लिए पहुंचते हैं और अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं इसके बाद गुमला थाना के एसआई विनय कुमार और हेमा देवी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। वहीं पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए जबकि कुछ लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछने पर सभी ने बताया कि वे स्कूल व कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र हैं। सभी महंगी बाइक लेकर शराब पीने आए थे। वहीं कुछ लोग खेत के पास एक पेड़ के नीचे शराब पी रहे थे। वही शराब पिलाने वाली महिला पुलिस को देखकर भाग रहे लड़कों को पुलिस से कोई डर नहीं बोलकर रुकने के लिए दबाव बना रही थी। पुलिस ने दोबारा ऐसी गलती नहीं करने की चेतावनी देकर सभी लड़कों को छोड़ दिया जबकि शराब बेच रही महिला को सख्त हिदायत दी। वहीं शराब को नष्ट भी किया। पुलिस ने बताया नशा पान के खिलाफ आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारी बारिश से घर ढहा, मुआवजे की मांग की



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बीती शनिवार की रात में रुक-रुक निरंतर हुई बारिश के कारण कामडारा प्रिंस चौक निवासी संजय साहु के मकान का एक भाग पूरी तरह से ढ़ह गया। जिसके कारण फिलहाल उसे रहने मे काफी दिक्कत हो रही है। वहीं रविवार को उसने स्थानीय उपप्रमुख शकुंतला देवी को इसकी जानकारी देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने के लिये गुहार लगाया है।

## विहिप की प्रखंड समिति विस्तार को लेकर बैठक, नये सदस्यों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिसई प्रखंड समिति का समिति विस्तार को लेकर रविवार को प्रखंड के रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा के सभागार में आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता विक्रम ताम्रकार के द्वारा किया गया। वहीं समिति विस्तार को लेकर पहुंचे नए सदस्यों का चयन कर श्री राम पट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नवचयनित सदस्य में प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार साहु, उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सूरज कुमार सिंह, संदीप केशरी, मदन साहु , मंत्री श्याम किशोर साहु, सह मंत्री रघुनंदन साहु, विश्वकर्मा गिरि, सत्संग प्रमुख राजेश कुमार देवघरिया, संयोजक सौरभ ताम्रकर, सह संयोजक ओमप्रकाश साहु, गौ रक्षा प्रमुख किशन सिंह, सेवा प्रमुख राजा वर्मा सह सेवा प्रमुख शिवपूजन साहु, धर्म प्रसार प्रमुख बलि उरांव, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहु, शम्भु एस चौहान, विद्यार्थी प्रमुख विकास गोप, गौतम साहु, नीतीश कुमार साहु, मथुरा कुमार साहु, अभिषेक कुमार साहु, अमित साहु, सुरक्षा प्रमुख नागेश्वर नाग, मेघनाथ साहु, लक्ष्मी साहु, संदीप साहु, मातृशक्ति संयोजिका पूर्णिमा देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका बैजन्ती देवी, सह दुर्गा वाहिनी संयोजिका रानी कुमारी संरक्षक रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, सुप्रदीप साहु, विक्रम ताम्रकर, मुकेश ताम्रकर कार्यकारणी सदस्य ब्रजेश साहु, नवीन कुमार, राजू साहु। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि आज प्रखंड में लव जिहाद, धर्मांतरण जैसी घटनाएं बढ़ गयी है। जिसके कारण समाज में तनाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है। वहीं उन्होंने संगठन के सभी लोगों को एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया।

## गुमला-रांची कांवरिया संघ ने बिहार में सेवा शिविर लगाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला कांवरिया संघ के द्वारा कांवरियों की सुविधा के लिए बिहार के बांका दुल्लीसार (कटोरिया) में निःशुल्क सेवा शिविर लगाया जायेगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह सेवा निःशुल्क दिलायी जा रही है। जिसका शुभारंभ सावन के दिन होगा। आयोजन समिति के अजय गुप्ता ने बताया कि उक्त शिविर में निशुल्क सेवा कांवरियों को दी जायेगी। साथ ही भोजन के अलावा रात्रि विश्राम की पूरी व्यवस्था होगी। उन्होंने खासकर गुमला रांची के कांवरियों से निःशुल्क सेवा शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


## दो फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट पुलिस ने वर्ष 13 में पालकोट थाना में दर्ज मामले को दो फरार अभियुक्तों के घर मे इश्तेहार चिपकाया है। मामले को लेकर इस्तेहार तामिला करने अभियुक्तों के घर पहुंचे एएसआइ प्रमोद कुमार ने बतलाया के वर्ष 13 के हत्या आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामले में नाथपुर निवासी परमेश्वर गोप एवं हर्रा टोली निवासी भैरो उरांव दोनों थाना पालकोट के घर इश्तेहार चिपकाया। इसी निमित्त दोनों फरार अभियुक्तों के घर में इश्तंहार चिपकाकर परिजनों को न्यायालय में सरेंडर करने को कहा गया है। अगर जल्द दोनों अभियुक्त न्यायालय में सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## पिकअप से 53 हजार रुपये की चोरी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा ब्लॉक चौक स्थित एक किराना स्टोर के समीप खड़े चावल अनलोड कर रहे मालवाहक पिकअप गाड़ी से अज्ञात चोर ने 52971 रुपये लेकर भाग निकले। इस संबंध में पीड़ित चालक करौंदी निवासी प्रदीप साहू ने बताया कि वह कंचन राइस मिल से 70 बोरी चावल लोड कर निकला और मालिक के कहे अनुसार 50 बोरा चावल मैना बगीचा स्थित लोहरदगा विकास स्टोर में अनलोड किया। इसके बाद 20 बोरी चावल को लेकर घाघरा के कपिलमुनी किराना स्टोर पहुंचा। वहां पर गाड़ी लगाकर चावल अनलोड कराने लगा और जब पुनः गाड़ी के पास आया तो देखा कि सीट पर काला प्लास्टिक में रखे 52971 रुपये गायब थे। पीड़ित चालक ने घटना को लेकर घाघरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायर है। घटना के बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुचने को लेकर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## गाजीपुर में काम कर रहे मजदूर का शव गांव पहुंचा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना के खंभिया निवासी मजदूर बालेश्वर गोप की मौत गाजीपुर स्थित एक ईंट भट्ठे में विगत 27 जून को हो गयी। मृतक के साथ गांव के ही महली गोप जो उक्त भट्ठे में साथ रह रहा था उसने मृतक बालेश्वर के शव को लेकर रविवार को गांव पहुंचा। मृतक के शव को परिजन घाघरा थाना ले कर पहुंचे। इस बावत थाना प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा कि वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी है उनके निर्देश पर ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। मृतक बालेश्वर के परिजनों ने बताया कि बालेश्वर रामनवमी के तीन दिन पूर्व इट भट्ठा गया था। उसे पलमा डीपाटोली निवासी सरदार दिलीप गोप ने गाजीपुर के इट भट्ठा में काम करने ले गया था। लेकिन शव के गांव आने की सूचना मिलने पर सरदार दिलीप मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार है। हालांकि मृतक के परिजन ने बताया कि 27 जून की रात 9 बजे बालेश्वर से घर के लोगो की बात भी फोन पर ही थी। बताया जा रहा है कि उसे अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था लेकिन आधे घंटे बाद बालेश्वर की मौत हो गयी की बात संशय है। मृतक के चेहरे पर खून के धब्बे थे एवं सर के पीछे हल्की चोट थी। परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। समाचार लिखे जाने तक शव गाजीपुर से आए एम्बुलेंस में ही थाना परिसर में पड़ा था।

## देवकी देवी के प्रयास से 78 किसानों को मिला धान का बीज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी के प्रयास से रविवार को 78 किसानों के बीच कृषि विभाग के द्वारा धान के बीज का वितरण किया गया। बता दे की गुमला में अच्छी बारिश के बीच खेती बाड़ी शुरू हो गया है किसान कई दिनों से कृषि विभाग का चक्कर लगा रहे थे लेकिन उन्हें धान का बीज मुहैया नहीं कराया जा रहा था। मामले को लेकर बीते दिनों देवकी देवी ने शहर के पटेल चौक में किसानों के साथ सड़क जाम कर दिया था। जिसके बाद विभाग की ओर से जल्द ही किसानों को धान का बीज देने की बात कही गयी थी। वही रविवार दिन के 2 बजे किसानों के बीच धान के बीच का वितरण किया गया। इस कार्य में देवकी देवी का प्रयास सराहनीय रहा। बीज पाकर किसान काफी खुश हुए। किसानों ने कहा समय बीत जाने के बाद धान मिलने से अच्छी फसल नहीं होती थोड़ा विलंब हुआ लेकिन किसानों को धान मिल गया है। वहीं देवकी देवी ने कहा मूंगफली मड़ुआ उरद और अन्य कई प्रकार के बीच भी विभाग में आया है जल्द ही किसानों के बीच इन बीजों का वितरण किया जाये।

## बीमार महिला को बहंगी में ढोकर अस्पताल ले गये परिजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के ऊपर खटंगा पंचायत के पहाड़ टूडूरमा गांव में आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा सुलभ नहीं है।पहाड़ के तराई में बसे होने कारण सड़क नहीं बन सका है। रविवार दिन के 2 बजे एक महिला सुभद्रा देवी बीमार हो गई।तब उसे स्वजनों ने गेंडूआ में ढोकर चैनपुर प्रखंड के सोकराहातु पक्की सड़क तक लाए उसके बाद उसे वाहन से गुमला सदर अस्पताल पहुंचा गया। सड़क नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है खासकर बरसात के दिनों में जंगल व चट्टानों से पार कर मुख्य पथ तक जाना एक चुनौती होती है। क्योंकि सांप बिच्छू व जंगली जानवर का भय बना रहता है। वहीं पैदल 5 किलोमीटर की दूरी तय करने में पसीने छूट जाते हैं। गांव तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण गांव का समुचित विकास भी नहीं हो पाया है। गांव में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है।

## जमशेदपुर में क्वीयर समुदाय के अधिकारों और गरिमा को मिला नया मंच

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पीपुल्स फॉर चेंज और जमशेदपुर केर सर्किल ने प्लान इंडिया,दा हमसफर ट्रस्ट और टी एसयुआईएसएल के सहयोग से प्राइड जलसा 2025 का आयोजन सुपर सेंटर, साकची में किया गया। इस आयोजन में झारखंड समेत ओडिशा और छत्तीसगढ़ से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दृश्यता है शक्ति, प्रेम है प्रतिरोध थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में प्राइड वॉक, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, ओपन माइक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में क्वीयर समुदाय की चुनौतियों को रेखांकित किया गया। सौविक साहा, पुष्पा नाग, मीनाक्षी किन्नर और अन्य वक्ताओं ने बराबरी और सुरक्षा की माँग को दोहराया। शुभकामना फाउंडेशन, श्रमजीवी महिला समिति और युवा जैसी संस्थाओं ने भी सहयोग दिया।

## एआइपीएफ और जेएनडी की राज्य स्तरीय संयुक्त बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट और झारखंड नवनिर्माण दल के राज्य समिति के प्रमुख नेताओं को लेकर 30 जून को जिला मुख्यालय के परिसदन में होंगी। यह संयुक्त बैठक दिन के 11 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान को राज्य के गांव व शहर तक ले जाने, आदिवासी और मूल निवासियों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गतिविधि तेज करने, पार्टी को झारखंड में विस्तार व मजबूती देने, दिल्ली में होने वाली ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने एवं झारखंड फ्रंट व दल द्वारा घोषित कार्यक्रम को राज्य स्तर पर ले जाने जैसे सवालों पर विशेष रूप से बातचीत की जायेगी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय नेता सह फ्रंट के संस्थापक और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के छात्र संघ के अध्यक्ष रहे अखिलेंद्र प्रताप सिंह भाग लेंगे। वहीं गुमला में 1 जुलाई को राष्ट्रीय विषयों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस को श्री सिंह संबोधित करेंगे।

# स्पोर्ट्स



आइसीसी ने मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

## भारत के खिलाफ पहले मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर लगा जुर्माना


आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को नॉटिंघम (इंग्लैंड) में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में हार के बाद मेजबान टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आइसीसी ने रविवार को एक बयान में बताया कि एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की हेलेन पैक ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। यह जुर्माना खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आइसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है। इसके तहत निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी करने में विफल रहने पर खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रुक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप तय किये। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान स्मृति मंधाना की 62 गेंदों पर 112 रन की तूफानी शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गयी और 97 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला हार गयी। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा।

## बारिश से बोरडीह में दर्जनों घर गिरे, विधायक ने बांटी राहत सामग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका/ जमशेदपुर।** रविवार रात हुई मूसलाधार बारिश से पोटका प्रखंड के बोरडीह समेत कई गाँवों में भारी तबाही हुई। कोवाली थाना क्षेत्र के बोरडीह, चिरुगोड़ा, ढेंगाम गांवों में दर्जनों कच्चे मकान ढह गये और कई परिवार बेघर हो गये। रविवार को सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त घरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को राहत शिविर में राशन, तिरपाल और वस्त्र वितरित किए और अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए। मुक्तेश्वर धाम उच्च विद्यालय, हरिणा में बने शिविर में ठहरे लोगों के लिए तीनों समय भोजन और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। राहत कार्य में झामुमो कार्यकर्ता और पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। मुखिया सरस्वती मुर्मू समेत कई स्थानीय नेता प्रभावित परिवारों की मदद में लगे हैं। प्रशासन जल्द से जल्द मकानों के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगा।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत जोराग पीढइर टोली गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय रोशन बघवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना रविवार की सुबह 10:00 बजे की बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक घर में खराब बिजली बना रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे उम्मीद घोषित कर दिया। युवक विवाहित था उसका दो बेटी व तीन बेटा है। घटना की सूचना पर गुमला थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा किया जिसके बाद पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अज्ञात बीमारी से पीड़ित बच्चा रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कोलेबिरा प्रखंड के कंजोबा गांव निवासी जितेंद्र लोहरा का 6 वर्षीय पुत्र मोहित लोहरा को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया बीती रात खाना-पीना खाकर सभी सो गए सुबह 4:00 बजे मोहित के पेट में दर्द शुरू हुआ इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालकोट ले जाया गया जहां से उसे गुमला रेफर किया गया। रविवार की अपराह्न 3 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। बच्चे के मुंह से आवाज नहीं निकल रहा है साथ ही मुंह से झाग निकल रहा है जिससे परिजन सर्प दंश की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन शरीर में सांप काटने का कहीं निशान भी नजर नहीं आ रहा है। परिजनों बताया मोहित के पिता बेंगलुरु में मजदूरी करते हैं जबकि मोहित को जन्म देने के बाद उसकी मां किसी अन्य व्यक्ति के साथ उसे छोड़कर भाग गयी। मोहित अपनी दादी के पास रहता है वही उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी उसके रोग का पता नहीं चल पा रहा था।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 30 जून, 2025
www.azadsipahi.in



### वन विभाग पर ग्रामीणों ने लगाया रैयती भूमि पर जबरन खुदाई का आरोप

# जमीन पर अधिकार को लेकर भिड़े ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी

**- ग्रामीणों ने दी लिखित शिकायत, बेवजह मारपीट का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के तेलमोच्चो पंचायत अंतर्गत कुंजी गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग पर जबरन रैयती भूमि पर कब्जा करने और खुदाई करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने वन संरक्षक पदाधिकारी और महुदा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर कहा कि शनिवार को वन विभाग के कुछ कर्मी जेसीबी मशीन लेकर उनकी पुश्तैनी जमीन पर पेड़ लगाने के उद्देश्य से खुदाई करने पहुंचे। आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो वन विभाग के कर्मियों ने मारपीट की और जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। महिलाओं के विरोध के बाद विभागीय कर्मी मौके से चले गए, लेकिन जाते-जाते ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि उनके पूर्वजों के समय से रैयती है, जिस पर वे लगातार लगान देकर रसीद कटवाते आ रहे हैं। इसी जमीन पर खेती कर वे अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन अब वन विभाग इस जमीन पर अपना दावा जताकर जबरन कब्जा कर वृक्षारोपण करना चाहता है। इस विवाद को लेकर रविवार को महुदा थाना परिसर में पुलिस, वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। जिसमें तेलमोच्चो के मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो भी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने जमीन से संबंधित सभी वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए, जबकि वन विभाग के कर्मी एक मानचित्र के आधार पर भूमि पर अपना अधिकार जता रहे थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक अंचल कार्यालय की ओर से उक्त भूमि की विधिवत मापी नहीं की जाती, तब तक उस पर कोई कार्य नहीं किया जाएगा। वहीं, वन रक्षी रवि कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व ग्रामीणों को जमीन के दस्तावेज कार्यालय में जमा करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने निर्देशों की अवहेलना की। अब विभाग उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार ही कार्रवाई करेगा। प्रशासन की प्राथमिकता नियमों का पालन सुनिश्चित करना और उचित समाधान निकालना है। वहीं, मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो ने वन विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। कहा कि ग्रामीण दशकों से उक्त जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। वे सभी गरीब परिवारों से हैं। यदि वन विभाग उनकी जमीन पर कब्जा करता है, तो यह अन्याय होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। जबकि अंशु राय ने बताया कि अमलाबाड़ी क्षेत्र में स्थित भूमि उनके पूर्वजों की पुश्तैनी संपत्ति है, जहां उनका परिवार पिछले 60 से 70 वर्षों से रह कर कृषि कार्य के जरिए अपनी आजीविका चला रहा है। उनका आरोप है कि अब वन विभाग उक्त भूमि पर बलपूर्वक अधिकार करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि जब उन्होंने इस जमीन को छोड़ने से इनकार किया, तो उन्हें विभिन्न प्रकार से डराया-धमकाया जा रहा है। इस कारण उनके परिवार में असुरक्षा और मानसिक तनाव उत्पन्न हो गया है। उधर, जगन महतो ने बताया कि उनके पास पुश्तैनी जमीन से जुड़े सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। वे किसी भी हालत में वन विभाग को जमीन पर कब्जा नहीं करने देंगे। हराधन महतो ने बताया कि वन विभाग जब उनकी जमीन पर जबरन कार्य करने आया, तो वे ग्रामीणों के साथ कागजात लेकर पहुंचे। कागजात दिखाने पर वनकर्मी ने उन्हें धमकाया, गाली दी और जबरन गाड़ी में बैठाने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई।



विरोध कर रहे ग्रामीणों को पकड़ने का प्रयार करते वन विभाग के कर्मचारी।

# सरकार की बेरुखी अब बर्दाश्त नहीं, जरूरत पड़ी तो देंगे सामूहिक इस्तीफा : शारदा सिंह

### 15वे वित्त आयोग को लेकर पंचायती राज प्रतिनिधियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 15वीं वित्त आयोग को लेकर रविवार को निरीक्षण भवन में आपातकालीन बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरमैन शारदा सिंह ने किया। इसमें जिप सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, समिति और पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर शारदा सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। विगत एक वर्ष से फंड नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा है। सरकारें आये दिन मंच से गांव के विकास की बात करती है। लेकिन गांव के विकास के लिए पंचायती राज के प्रतिनिधियों को धनराशि नहीं दे रही है। इससे साफ पता चलता है कि आम जनता की आंखों में धूल झोंका जा रहा है। इसे लेकर आगामी नौ जुलाई को न्यू टाउन हॉल में महत्वपूर्ण बैठक होगी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य और केंद्र सरकारें कुंभकर्णीय निंद्रा से नहीं जागी तो सभी जिप सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सामूहिक रूप से राज्यपाल के समक्ष इस्तीफा दे देंगें। जिसकी रूपरेखा आगामी बैठक में तय की जाएगी। बैठक का संचालन जिला मुखिया संघ की अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी ने किया। जबकि संघ के सलाहकार मनोज हाड़ी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर प्रमुख गीता देवी, आनंद कुमार, उप प्रमुख हेमलाल महतो, जिप सदस्य स्वाति कुमारी, मीना हेंब्रम, मो गुलाम कुरैशी, मो इसराफिल, सुबोध कुमार, सचिन मंडल, सुदेश रजक, प्रसिद्ध कुमार सिंह, गुलाम सरवर खान, दीपिका कुमारी, आशा कुमारी दास, संजय गोराई, राकेश मुर्मू, उत्तम चौधरी, संजय बाउरी, सौरव महतो और मिहिर मंडल आदि उपस्थित थे।

# नफरत फैलाने वालों से देश को बचाना है : सीता राणा

**- महिलाओं को जागरूक होकर समाज में लाना होगा बदलाव : रूबी खातून**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/गोविंदपुर।** जिले के गोविंदपुर अंतर्गत अमरपुर पंचायत भवन में रविवार को महिला कांग्रेस की बैठक हुई. जिसकी अगुवाई रूबी खातून ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीता राणा भी शामिल हुई। इस दौरान रूबी खातून के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने महिला कांग्रेस का दामन थामा। सीता राणा ने सभी नव सदस्यों का फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सीता राणा ने कहा कि समाज में नफरत फैलाने और संविधान बदलने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। सामाजिक समरसता और प्रेम एकता की बात कांग्रेस की मूल विचारों में है। वर्तमान केंद्र सरकार में बेरोजगारी, महंगाई और हिंसा बढ़ी है। अपनी नाकामी को सरकार समाज में नफरत और दुर्भावना फैला कर छिपाने का प्रयास कर रही है। इससे समाज को बचाने के लिए कांग्रेस की विचारधारा को अपनाना होगा और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा। वहीं, रूबी खातून ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर समाज में बदलाव लाना होगा। महिलाओं को अपने अधिकार और हक के लिए जागरूक एवं संगठित होकर लड़ाई लड़नी होगी। तभी समाज में बदलाव और विकास होगा। इस मौके पर राम दुलारी, हेमंती जयसवाल, पुनम देवी, गुड़िया देवी, सुनीता निषाद, शकीला खातून, आमना खातून, सुल्ताना खातून, खुरनी देवी, आरसी प्रवीण, रुक्मणि देवी, साहिबा प्रवीण, शकीना खातून, अंगूरी प्रवीण, अंगूम आरा, रेशमा बीबी, किरण देवी, बिना बीबी, कुलसुम बीबी, शहनाज बीबी, शकीना खातून, शबनम खातून, रोजी खातून, शाहीना प्रवीण, शकीना खातून, फिरोजा खातून, साहिन प्रवीण, रेशमा, प्रवीण, जेबा प्रवीण, रूबी प्रवीण, सबा प्रवीण, मेहक प्रवीण और खेरूबा बीबी आदि मौजूद थीं।

# बियाडा के शिवप्रिया इस्पात उद्योग के फर्नेस में विस्फोट, दो मजदूर झुलसे

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बालीडीह थाना क्षेत्र के बियाडा स्थित शिवप्रिया इस्पात उद्योग में रविवार की सुबह फर्नेस में हुए विस्फोट से दो मजदूर बुरी तरह झुलस गए। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अचानक हुए विस्फोट के बाद धमन भट्ठी से उछला गर्म लोहा पास में ही काम कर रहे दो मजदूर लखन टुडू एवं अखिल कुमार पर गिर गया, जिससे वे पूरी तरह झुलस गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही झामुमो नेता मंटू यादव मौके पर पहुंच गये। उन्होंने कंपनी पर सुरक्षा नियमों की अवहेलना करने का आरोप लगाया। कहा कि कंपनी के सुरक्षा नियमों की लापरवाही से ही हादसा हुआ है। सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर लोगों से काम लिया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने फैक्ट्री इंस्पेक्टर की भूमिका पर भी सवाल उठाया है।



# भाजपा शासित राज्यों में दलित आदिवासी और ओबीसी वर्ग सुरक्षित नहीं: संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष इदु अंसारी की अध्यक्षता में रविवार को संगठन सृजन अभियान की बैठक पुराना कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी और प्रवेक्षक पूर्णेदु सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वप्रथम संगठन सृजन के तहत बलियापुर प्रखंड कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं मंडल कांग्रेस अध्यक्षों को नियुक्ती पत्र सौंपा गया। उन्हें निर्देश दिया गया कि मंडल अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से एक पदाधिकारी मंडल कमेटी में शामिल करें। वहीं, धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन का वर्ष मानकर काम करेगी। प्रत्येक पंचायत में प्रवेक्षक और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को जाना है। उन्होंने कहा कि देश और संविधान को बचाना है तो कांग्रेस को मजबूत करना होगा। कहा कि भाजपा कांग्रेस के देशव्यापी 'संविधान बचाओ आंदोलन' से घबरा गई है, इसीलिए आज वे लोग फिर से इमरजेंसी की बात कर रहे हैं। पर सच्चाई यह है कि जो लोग अपने गवर्नेंस में नाकामयाब रहे और जिनकी खुद की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक बदहाली चरम पर है, वे आज लोगों का ध्यान भटका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा साशित राज्यों में आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग सुरक्षित नहीं है। वहीं, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस संगठनन में कार्यकर्ताओं का सम्मान बड़ा है। जिला कांग्रेस गांव और पंचायत में नजर आ रही है। कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जब तक राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री नहीं बना लेते चैन से नहीं बैठेंगे। इस मौके पर बलियापुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष इदु अंसारी, हारुन रशीद, सुदन महतो, आलमनी देवी, रवि रजवार, तालिम शेख, सुदन महतो आदि उपस्थित थे।

# 15वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम का हुआ गठन

**- बोकारो डीपीएस में सेलेक्शन ट्रायल में 55 अभ्यर्थी हुए शामिल, 23 चयनित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड तैराकी संघ के अधीन पूर्वी सिंहभूम जिला तैराकी संघ की ओर से 12-13 जुलाई को जमशेदपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 15वीं जूनियर एवं सब-जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए रविवार को बोकारो जिले की टीम गठित की गयी। नगर के सेक्टर-4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के स्वीमिंग पूल में बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले हुए सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं अन्य जगहों से लगभग 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पूर्व निर्धारित समय सुबह सात बजे से ही उनका आना शुरू हो गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूल में छलांग लगाई और तैराकी में अपने दमखम दिखाए। इनमें से 23 तैराकों का चयन तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में उनके बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। बोकारो जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि चयन प्रक्रिया के तहत बालक वर्ग की जूनियर कैटेगरी में अंकित बासु, प्रज्ञान कुमार, अर्णव शरण, आरव कुमार, सम्यक शिवांक एवं सब-जूनियर कैटेगरी में युवराज सिंह, ध्रुव ज्योति चौधरी, अतुल्य प्रकाश, दर्ष प्रसाद, ललित लुकेश, अपूर्व सिंह, पुनान पुरहान, दर्शिल राज और अवियांक मंडल चुने गए। इसी तरह, बालिकाओं की जूनियर कैटेगरी में गुरलीन, अदित्री चौहान, फैजा फारुकी एवं ज्योतिका चौधुरी, जबकि सब-जूनियर कैटेगरी में मरियम हुसैन, अरुणिमा, आद्या प्रिशा, आंशिका एवं ईशान्वी आर्या का चयन हुआ। बोकारो जिले की उक्त टीम अब अगले महीने 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम के तैराक स्विमिंग की फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस स्पधाओं में अपने दमखम दिखाएंगे। डॉ गंगवार ने चयनित तैराकों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुराना बाजार टेंपल रोड रिफ्यूजी मार्केट स्थित बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय में रविवार को यूनियन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड सुंदरलाल महतो ने की। इसमें यूनियन के महामंत्री सह विधायक अरूप चटर्जी भी उपस्थित रहे। इसमें शाखा से लेकर केंद्र तक के सैकड़ों लोग शामिल हुए और चार लेबर कोड के विरुद्ध नौ जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल की सफलता को लेकर चर्चा किये। इसके अलावा एक जुलाई को धनबाद कोयला नगर रीक्रिएशन क्लब में संयुक्त मोर्चा की बैठक का प्रतिनिधित्व करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन आनंद मय पाल ने किया। इस मौके पर मानस चटर्जी, हरि प्रसाद पप्पू ,जोगिंदर महतो, सुरेश गुप्ता, जेके झा, तुलसी रवानी, राजेंद्र पासवान, पतित पावन माझी, कामरेड राणा चट्टराज, सूरेंद्र पासवान, कुंदन पासवान, कामरेड रहीम, कामरेड सुनील कुमार महतो, महेंद्र महतो, निरंजन महतो, अरविंद, कुमार तिवारी, देवीलाल महतो, भूषण महतो, भोला चौहान, आनंद लाल महतो, लीला चौहान, पशुपतिनाथ देव, धर्मेंद्र कुमार राय, शिवकुमार सिंह, एके झा, भारत भूषण, रामकृष्ण पासवान, शिव कुमार सिंह आदि ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी क्षेत्रों में संगठित असंगठित ग्रामीण बेरोजगार नौजवान दो घंटा सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगें।

# मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का शुभारंभ

# स्वास्थ्य सिर्फ सुविधा नहीं, अधिकार है : सोनल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान के लिए अब लोगों को बड़े शहरों के अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने रविवार को गोविंदपुर आठ लाइन स्थित पार्कलेन रिसोर्ट में एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग वैन का शुभारंभ किया, जो अब सुदूर ग्रामीण और वंचित इलाकों में जाकर निशुल्क जांच व परामर्श की सुविधा देगी। यह महत्वाकांक्षी परियोजना द रोटरी फाउंडेशन के ग्लोबल ग्रांट संख्या 2569509 के सहयोग से शुरू की गई है। यह वैन अत्याधुनिक जांच उपकरणों से लैस है। विशेष रूप से उन लोगों तक पहुंचेगी, जो नियमित चिकित्सा सेवाओं से दूर हैं। इस मोबाइल वैन का संचालन प्रतिष्ठित महावीर कैंसर संस्थान पटना की ओर से किया जाएगा, जो कैंसर के उपचार और अनुसंधान में देशभर में प्रसिद्ध है। संस्थान की विशेषज्ञ टीम ग्रामीण इलाकों में जाकर स्क्रीनिंग, परामर्श और संदिग्ध मामलों के लिए रेफरल की सेवा उपलब्ध कराएगी। धनबाद के होटल पार्क लेनमें आयोजित उद्घाटन समारोह में पूर्व रोटरी इंटरनेशनल निदेशक रोटेरियन कमल संघवी ने वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलापाल रोटेरियन बिपिन चाचान और प्रथम महिला रोटेरियन शिल्पी चाचान उपस्थित रहे। वहीं, रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्ष सोनल जैन ने इस ऐतिहासिक पहल को समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि करार दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ बीमारी की पहचान करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी है। स्वास्थ्य कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक अधिकार है। यह मोबाइल वैन हमारे समाज में बदलाव की चलती-फिरती मिसाल होगी। हमारा लक्ष्य है कि कोई महिला, ग्रामीण, गरीब नागरिक सिर्फ इसलिए अपनी जान न गंवाए क्योंकि वह समय पर जांच नहीं करा सका। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के असिस्टेंट गवर्नर आशीष बंका ने कहा कि यह मोबाइल वैन रोटरी की समाज सेवा की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कैंसर की समय पर पहचान से जीवन बचाया जा सकता है। यह पहल उन लोगों तक पहुंचेगी जो अब तक इन सेवाओं से वंचित रहे हैं। वहीं, पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन जिन्होंने इस परियोजना की नींव रखी ने भावुक शब्दों में कहा कि हमने इस वैन के माध्यम से हर उस व्यक्ति तक पहुंचने का सपना देखा था, जो इलाज से वंचित रह जाता है। आज वह सपना साकार हुआ है। यह सिर्फ एक वैन नहीं, बल्कि उम्मीद और जीवन की नई रेखा है। इस मौके पर अमिताभ बंका, पोदार मयूर, पुनीत, सुनील पोद्दार, सोनू बंका, दीपक सराफ, रोशन धानदरिया, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# दो खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जूनियर एवं सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के बैंच प्रेस में सिल्वर मेडल जीतने वाले पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी मो शकरुद्दीन एवं झारखंड स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप देवघर में डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल एवं बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी सुमित साव को रविवार को आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद बार के वरीय अधिवक्ता दीप नारायण भट्टाचार्य ने दोनों खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, व्यायाम शाला के अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा एवं महासचिव गुरु जी दुगार्राम ने दोनों खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। बताते चलें कि पावरलिफ्टिंग के खिलाड़ी मो शकरुद्दीन ने जूनियर नेशनल बैंच प्रेस के 74 किलोग्राम के वर्ग में 177.5 किलो का वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता था। उक्त प्रतियोगिता कर्नाटक के दवंगेरे में 22 से 30 जून तक आयोजित हुई थी। जिसमें पूरे भारत से 1200 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसमें झारखंड से 10 सदस्यीय दल इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। झारखंड की टीम से कतरास निवासी मो शकरुद्दीन को ही सिल्वर मेडल प्राप्त कर पूरे राज्य के साथ ही कतरास कोयलांचल का नाम रोशन किया। मौके पर व्यायामशाला के अध्यक्ष विजय झा, महासचिव गुरूजी दुगार्राम, वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य, सचिव रणधीर बर्मन, संगठन सचिव दीपक कुमार गुप्ता, अभय बर्मन, हर्ष गुप्ता, मो हसनैन, पीयूष पांडे, सिंटू मुखर्जी आदि मौजूद थे।

# सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचारों से बचें : थाना प्रभारी

**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम को लेकर जोड़ापोखर थाना परिसर में रविवार को जन सहयोग समिति सह शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा और संचालन किशोर कुमार ने किया। इस दौरान क्षेत्र के जीतपुर, डिगवाडीह, बरारी, जामाडोबा, भागा, फूसबंगला, शालीमार, जियलगोरा के अखाड़ा कमेटी के सदस्य एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित होकर मुहर्रम के दिन होने वाली समस्या और उसके निदान को लेकर चर्चा किये। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से होते आ रहे हैं। इस परंपरा को निभाते हुए सभी आपस में मिलजुल कर मुहर्रम को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। उन्होंने मुहर्रम कमेटी से जुलूस के रूट चार्ट और होने वाले आयोजन के बारे में जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासन हर तरह के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। सोशल मीडिया के भ्रामक प्रचार से बचें। इस दौरान बैठक में थाना प्रभारी सह नव प्रोन्नत डीएसपी राजेश प्रकाश सिन्हा का लोगों ने सम्मान किया। बैठक में शमशेर आलम, कार्तिक हाड़ी आदि थे।

## 'मन की बात' का 123वां एपिसोड प्रसारित

# आपातकाल में लोगों को प्रताड़ित किया गया : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो शो 'मन की बात' का 123वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। देशवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार आप अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ऊर्जा से भरे हुए हैं। यह 10 साल पहले शुरू हुआ था और आज पूरी दुनिया में छा गया है। योग दिवस की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलीं। योग अब सशक्तिकरण का जरिया बन गया है। पीएम मोदी ने कहा, 21 जून को देश और दुनिया भर में लाखों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इसकी शुरुआत 10 साल पहले हुई थी। इन 10 सालों में हर साल उसकी परंपरा पहले से ज्यादा भव्य होती गयी है। यह दर्शाता है कि ज्यादा लोग योग को अपने जीवन में शामिल कर रहे हैं। इमरजेंसी के दौर को याद करते हुए पीएम मोदी



ने कहा कि इमरजेंसी लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की, बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाये रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

पीएम मोदी ने कहा, धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसर का महाअनुष्ठान होती हैं। जितने लोग यात्रा में जाते हैं, उससे ज्यादा लोग उनकी सेवा में जुट जाते हैं। लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हुई है। हिंदू, बौद्ध, जैन परंपरा में कैलाश को श्रद्धा का केंद्र माना गया है। जब कोई तीर्थयात्रा पर जाता है, तो एक भाव मन में आता है, चलो बुलावा आया है। यही भाव हमारी धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ-साथ प्रभु से जुड़ने का माध्यम है। उन्होंने ये भी बताया, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। अब भारत ट्रैकोमा मुक्त देश बन चुका है। यह उन लाखों लोगों की मेहनत का फल है, जिन्होंने बिना थके, बिना रुके, इस बीमारी से लड़ाई लड़ी। यह सफलता हमारे हेल्थ वर्करों की है। उन्होंने आगे कहा, अभी इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट आयी है। इसमें सामने आया है कि देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## जनगणना: एक अप्रैल से मकान सूचीकरण, जाति भी पूछी जायेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार ने आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तारीख तय कर दी है। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना एक अप्रैल 2026 से शुरू होगी। दो चरणों में जनगणना होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण काम होगा, जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण जनसंख्या गणना का है। यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जायेगी। इस चरण में सरकार यह पता लगायेगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है।

## चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस केंद्र रांची में आयोजित की गयी सभा



रांची (आजाद सिपाही। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के छठे महाधिवेशन को लेकर रविवार को रांची जिला पुलिस लाइन सभागार किया गया। रांची जिला के कोषाध्यक्ष संजय सिंह द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गयी। झारखंड जगुआर में भी प्रचार प्रसार किया गया है। इसकी अध्यक्षता अमित कुमार ने की। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उराव, सयुंक्त महामंत्री स्टीफन सोरेन, गबरियल सोरेन, अमित तिवारी, सबीलूर रहमान खान, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, सरफराज खान, सचिदानंद राय, संजय राम अविनाश कुमार राय, निर्भय राज, प्रदीप टोपो, उपेंद्र पांडेय, युगल मुंडा, पंकज तिवारी, माइकल तिर्की, प्रदीप यादव और मृत्युंजय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बोकारो भी मौजूद थे।

## मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत को बड़ी जिम्मेदारी, मिलेगी करोड़ों की सैलरी

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी में कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। इस पद के साथ उन्हें सालाना 10 से 20 करोड़ रुपये तक का वेतन और कंपनी के मुनाफे पर कमीशन समेत कई भत्ते और सुविधाएं मिलेंगी। इस संबंध में जानकारी कंपनी ने शेयरधारकों को भेजे गये नोटिस में दी है। 2023 में मुकेश अंबानी ने अपने तीनों बच्चों, आकाश, इशा और अनंत को रिलायंस के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया था।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING: M.Sc. Nursing, Post Basic B. Sc. Nursing, B.Sc. Nursing, GNM, ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE: BMLT, DMLT, OT ASSISTANT, ECG, OPHTHALMIC ASST., CRITICAL CARE (ICU), RADIO-IMAGING, ANESTHESIA TECH., DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY: D-PHARM, B-PHRRM
9031231082, 7903999411, 6205145470
Website: www.florenceinstirba.com

NEW LIFE CLINIC
ALL MEDICAL SPECIALISTS ARE AVAILABLE HERE
PEDIATRICIAN (शिशु रोग विशेषज्ञ)
GYNECOLOGIST
PHYSICIAN (सामान्य रोग विशेषज्ञ)
PHYSIOTHERAPIST (फिजियोथेरेपिस्ट)
हमारे यहाँ सभी प्रकार के टीकाकरण एवं खून जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
HOME COLLECTION ALSO AVAILABLE
9102350010, 6202354863, 6294931155
Ground Floor, Gajsagar Complex Near State Bank of India, Kokar

ADARSH ACADEMY
Let's Start From Zero to Reach Infinity
AADHAR VII TO X JAC /CBSE/ICSE
XI & XII JAC /CBSE/ICSE
B.Sc. Mathematics (All Semesters)
JEE/NEET
ADMISSION OPEN
ADARSH ACADEMY RANCHI
8789921216, 7061333946
Plaza Chowk: Opp. Mahila Polytechnic College, Ranchi.
Sujata Chowk: 2nd Floor, City Centre, Opp. Gossner College, Ranchi.

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम रखरखाव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

ACME COACHING
Classes For +2 / I.Com. Accts, Eco., B.St. | B.Com. All Sem. | C.A./C.S. Foundation
Our Top Achievers (2025 Exams)
Home Tutions Also Available
Address Santipuram Colony, Chesire Home Road, Dipatoli, Ranchi
Mob.: 8210990620 / 9835120846

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

JAISWAL CCTV
अपने शहर रॉंची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM BIOMETCRICS CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses: ADCA / DTP / C++, A+ / JAVA / PYTHON ect., HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST D-4 MONTH, GET JOB, MONEY BACK

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. NDA Foundation (11th & 12th) NDA Pre Foundation (8th & 10th) CDS/MNS/AF CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय: दिन सोमवार से शनिवार, समय: सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक; दिन रविवार, समय: सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रॉंची-834001
9431585446 | 7903633179

SRI SAI ENTERPRISES
Mob.: 9523367777, 9931699449
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

ADMISSION OPEN 50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES: ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
सब पढ़ाते हैं हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

Glossy Jewels
अब आपके शहर रॉंची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
7667873439

TEXMO Borewell Submersibles
AQUATEX Agricultural Monoblocks
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**